
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471


# अमन लेखनी



जॉन अब्राहिम की फिल्म...

एक्टिंग के लिए बीच में ......


वर्ष : 11 | अंक : 226 | लखनऊ, 03 अगस्त, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी

## जब आतंक और अन्याय होता है, तब रुद्र रूप धारण करते हैं हमारे महादेव : पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित किया और इसे वादा पूरा हुआ बताया। ऑपरेशन सिंदूर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की नृशंस हत्या का जवाब था। मोदी ने कहा कि आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। जब 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उनकी परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, उन बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से भर गया था।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि तब मैं बाबा विश्वनाथ से यही मना रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को इस दुख को सहने की हिम्मत दें। काशी के मेरे मालिकों, मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि शिव का एक रूप कल्याण है, तो दूसरा रूप रुद्र रूप भी है। सामने जब आतंक और अन्याय होता है, तब हमारे महादेव... रुद्र रूप धारण करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारत का यही रूप देखा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है।

विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे देश के कुछ लोगों को भी पेट में दर्द हो रहा है। ये कांग्रेस पार्टी और उनके चेले-चपाटे, उनके दोस्त... इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुखी है... ये तो सब कोई समझ सकता है। लेकिन पाकिस्तान का ये दुख कांग्रेस और सपा से सहन नहीं हो पा रहा है। उधर, आतंक का आका रोता है और इधर, कांग्रेस, सपा वाले आतंकियों की हालत को देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वोटबैंक और तुष्टिकरण की इस राजनीति में ये समाजवादी पार्टी भी पीछे नहीं है। सपा के नेता संसद में कह रहे थे कि पाकिस्तान के आतंकवादियों को अभी क्यों मारा, आतंकियों को मारने के लिए क्या मैं सपा वालों को फोन करके पुछूं क्या? अब उन्हें आतंकियों के मारे जाने से भी परेशानी हो रही है। कान खोलकर सुन लो... ये नया भारत है। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता का माहौल है। सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। हमारी सरकार देशहित में हर संभव प्रयास कर रही है... जो लोग देश का भला चाहते हैं और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं, चाहे वह कोई भी राजनीतिक दल हो, उन्हें अपने मतभेद भुलाकर स्वदेशी उत्पादों का संकल्प लेना चाहिए।

# ऑपरेशन सिंदूर में भारत के शक्ति प्रदर्शन के बाद काशी आए हैं प्रधानमंत्री मोदीः सीएम योगी

संवाददाता



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा ऐसे समय में हुआ है जब भारत और दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के माध्यम से देश की ताकत और क्षमताओं को देखा है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में हुए सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, इस नए भारत में आतंक के दोषियों को धूल चटाने और दुश्मनों की सीमा में घुसकर उनका सफाया करने का साहस है।

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आज प्रधानमंत्री मोदी का काशी आगमन हुआ है। उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से, मैं प्रधानमंत्री का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। मोदी के वैश्विक कद का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। हाल के दिनों में, आपने देखा होगा कि कैसे चार अलग-अलग देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है।

आदित्यनाथ ने कहा कि काशी को इस बात का गर्व है कि मोदी यहां से संसद सदस्य हैं। उन्होंने कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी संसद में इस अविनाशी काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं। पिछले 11 वर्षों में, काशी प्राचीनता और नवीनता के अनूठे संगम के रूप में उभरी है। यह आध्यात्मिकता और आधुनिकता का एक ऐसा मिश्रण जो लगातार वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी का अपने निर्वाचन क्षेत्र में 51वीं बार आना किसी भी प्रधानमंत्री के लिए अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हाल के वर्षों में वाराणसी के लिए स्वीकृत 51,000 करोड़ रुपये में से 34,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। आदित्यनाथ ने आगे कहा कि इस यात्रा के दौरान, मोदी काशी के लोगों को 2,200 करोड़ रुपये की अन्य विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि इनमें कनेक्टिविटी, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, सांस्कृतिक कायाकल्प और सर्वांगीण क्षेत्रीय विकास से जुड़ी पहल शामिल हैं।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीति पूरी तरह विफल

#### पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती का भाजपा पर भाजपा पर निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर, अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ से पहले, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह विफल हो गई है। शनिवार को जम्मू में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और अनुच्छेद 370 को इस दावे के साथ रद्द कर दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह विफल रही है। मुफ़्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ गई है, और उन्होंने सुरक्षा बलों की लगातार हो रही कार्रवाई की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक स्थिति खराब है। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ़्तारियाँ हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालाँकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान से टकराव की स्थिति में आ गया है। पाकिस्तान की हैसियत क्या है? उनकी अर्थव्यवस्था हमारी अर्थव्यवस्था का दसवाँ हिस्सा भी नहीं है, फिर भी आज पूरी दुनिया हमारी तुलना उनसे कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा की आक्रामक नीति और क्षेत्रीय कूटनीति पर इसके व्यापक प्रभाव की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, भाजपा ने देश में ऐसा माहौल बना दिया है कि आज सभी समूह कह रहे हैं, आप युद्धविराम पर क्यों सहमत हुए? यह भाजपा की आक्रामक नीति है।

# पंजाब के अबोहर में मारे गए व्यापारी के परिवार से मिले मुख्यमंत्री मान, केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को व्यवसायी संजय वर्मा के परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। वर्मा की सात जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उन्होंने संजय के भाई जगत से उनके आवास पर मुलाकात की और कहा कि यह परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है, साथ ही यह समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षति है, जिसने एक प्रतिबद्ध और उद्यमी व्यक्ति को खो दिया है। न्यू वेयर वेल जेंट्स टेलर शोरूम के सह-मालिक संजय की यहां भगत सिंह चौक के निकट तीन हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। अगले दिन, व्यवसायी की हत्या में कथित रूप से शामिल दो हमलावरों को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया। बयान में कहा गया कि मान और केजरीवाल ने कहा कि वर्मा परिवार ने कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के माध्यम से अपने लिए एक अलग स्थान बनाया है, जिससे अबोहर शहर को पहचान मिली है। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार दुख और संकट की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

# विपक्ष के पास अपने दावे को पुष्ट करने के लिए कोई सबूत नहीं : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत में चुनावों में धांधली का आरोप लगाने के लिए निशाना साधा और कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के पास अपने दावे को पुष्ट करने के लिए कोई सबूत नहीं है। राजनाथ सिंह ने पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा वोटों की धांधली पर सबूतों का एक परमाणु बम तैयार किया है... अगर उनके पास सबूतों का परमाणु बम है, तो उसका तुरंत परमाणु परीक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सच तो यह है कि उनके पास कोई सबूत या प्रमाण नहीं है।

रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी से देश की संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य निभाने देने की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सनसनीखेज दावे करना उनकी आदत है। पहले भी उन्होंने इसी तरह के बयान दिए हैं। संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य निभाने दें। राहुल गांधी से मेरी यही अपील है। यह कांग्रेस के स्वास्थ्य के लिए और लोकतंत्र के लिए भी अच्छा है। वहीं, उन्होंने कहा कि बिहार तो भारत ही नहीं पूरे विश्व में लोकतंत्र की जननी है। ढाई हजार साल पहले जब पश्चिम के अधिकांश देश जंगलों में भटक रहे थे तब इसी बिहार में लोकतांत्रिक संस्थाएं विकसित हो रही थीं।

राहुल गांधी ने शनिवार को जोर देकर कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले से ही मृत है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में धांधली हुई है और उनके पास इस दावे को पुष्ट करने के लिए सबूत हैं। 'संवैधानिक चुनौतियाँ - परिप्रेक्ष्य और रास्ते' शीर्षक से वार्षिक कानूनी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनावों में 80 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले से ही मृत है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई होती, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 70 से 80 से ज्यादा है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और हुई भी थी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जब भारतीय लोकतंत्र को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई तब भी ज़िम्मेदारी बिहार की धरती के लाल डा राजेंद्र प्रसाद को दी गई। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में जो महान संविधान उन्होंने भारत को दिया है, आज देश उसका अमृत महोत्सव मना रहा है।

# किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




पटना, बिहार दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 21,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई और केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मैं किसानों का सेवक हूँ और किसानों की सेवा करना ईश्वर की पूजा के समान है। आज हम किसानों के बीच गए और उनसे मिले... किसान जो चाहेगा, खरीदेगा; उसे खाद के साथ-साथ अन्य चीजें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता... किसानों के साथ इस तरह की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हम सख्त कार्रवाई करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केवल स्वदेशी सामान खरीदने का आह्वान करने के बाद, केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि पटना के किसानों ने संकल्प लिया है कि वे केवल 'मेड इन इंडिया' उत्पाद ही खरीदेंगे।

उन्होंने कहा कि आज, मुझे खुशी है कि पटना के किसानों ने संकल्प लिया है कि वे केवल हमारे देश में बने, हमारे लोगों द्वारा बनाए गए उत्पाद ही खरीदेंगे। प्रधानमंत्री ने केवल स्वदेशी सामान खरीदने का आह्वान किया है... भारतीय अर्थव्यवस्था एक सरपट दौड़ता हुआ घोड़ा है, और दुनिया की कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती... अगर भारत के 144 करोड़ लोग हमारे देश में बने सामानों का उपयोग करना शुरू कर दें, तो मेरा मानना है कि अर्थव्यवस्था में बड़ी प्रगति होगी। इससे पहले आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया भर में व्याप्त अस्थिरता के माहौल को देखते हुए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सचेत रहना होगा।

चौहान ने जोर देकर कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों का कल्याण, लघु उद्योग और युवाओं के लिए रोजगार है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने का संकल्प लेने का भी आग्रह किया और देश को 'वोकल फॉर लोकल' अपनाने की अपनी बात दोहराई। अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम केवल वही चीजें खरीदेंगे जो भारतीयों द्वारा बनाई गई हैं। हमें वोकल फॉर लोकल बनने की जरूरत है।

# प्रशासन ने मुलायम सिंह यादव के नाम पर आवंटित बंगले को खाली करने का आदेश दिया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिला प्रशासन ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के नाम पर आवंटित एक सरकारी बंगले का आवंटन रद्द कर दिया और समाजवादी पार्टी (सपा) को 30 दिनों के भीतर परिसर खाली करने को कहा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) के निकट सिविल लाइंस इलाके में स्थित यह बंगला 31 साल पहले आवंटित किया गया था। छावनी गांव में नजूल भूमि पर लगभग 1000 वर्ग मीटर में फैला यह बंगला वर्तमान में स्थानीय सपा कार्यालय है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जनहित और प्रशासनिक आवश्यकताओं का हवाला देते हुए कहा कि यह संपत्ति सरकारी उद्देश्यों के लिए आवश्यक है, जिसमें अधिकारियों के आवास और विकास योजनाओं के कार्यान्वयन शामिल हैं। उन्होंने बताया, चूंकि इस जमीन पर राज्य सरकार का स्वामित्व है इसलिए किसी राजनीतिक दल द्वारा इसका निरंतर उपयोग अब उचित नहीं है। अपर जिलाधिकारी (वित्त) ममता मालवीय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुरादाबाद जिला अध्यक्ष को एक औपचारिक नोटिस जारी कर एक महीने के भीतर बंगला खाली कर जिला प्रशासन को कब्जा सौंपने का निर्देश दिया है।

# राहुल गांधी का आरोप, 2024 के लोकसभा चुनाव में हुई धांधली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार और देश में चुनावी प्रक्रिया पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि 2024 के आम चुनावों में धांधली हुई है। दिल्ली में वार्षिक कानूनी सम्मेलन 2025 में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई थी।

कांग्रेस नेता ने आगे दावा किया कि भारत की चुनाव प्रणाली ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा, सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत वाले प्रधानमंत्री हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली होती, तो वे भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। राहुल गांधी ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी।

हालांकि, भारत के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'मतदाता चोरी' के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव निकाय ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बढ़ते तनाव के बीच, गांधी ने दावा किया कि विपक्ष द्वारा की गई एक स्वतंत्र जांच से पता चला है कि ईसीआई सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लाभ पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर वोट चोरी में कथित रूप से शामिल है। कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव आयोग रोजाना लगाए जा रहे ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है और रोजाना दी जा रही धमकियों के बावजूद सभी चुनाव अधिकारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करते हुए ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करने को कहता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव आयोग में ऊपर से नीचे तक जो भी इस काम में शामिल है, हम उसे नहीं छोड़ेंगे। हालांकि उन्होंने किसी विशिष्ट व्यक्ति का नाम नहीं लिया, लेकिन राहुल गांधी ने आयोग के सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा, आप भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं और यह देशद्रोह से कम नहीं है।

# 8 अगस्त को बिहार दौरे पर रहेंगे अमित शाह, नीतीश कुमार के साथ करेंगे सीता मंदिर का शिलान्यास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बिहार के सीतामढ़ी में 8 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में माता सीता के भव्य मंदिर के शिलान्यास और भूमि पूजन समारोह की तैयारियाँ चल रही हैं। बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सीतामढ़ी आगमन तय है। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन चुका है, जिसके बाद बिहार के लोगों की आस्था थी कि बिहार के सीतामढ़ी में, जहाँ माता सीता का जन्म हुआ था, माता सीता का एक भव्य मंदिर बनना चाहिए। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्य होने जा रहा है। 8 अगस्त को इस मंदिर का शिलान्यास अमित शाह और नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा।

बिहार भाजपा के एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार, बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और संगठन महामंत्री भीखूभाई साहब के नेतृत्व में तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार, राज्य के मंत्री, विधायक, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और अन्य सम्मानित पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। इससे पहले 18 जुलाई को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए बिहार का दौरा किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार नारों या वादों तक ही सीमित नहीं है; यह काम करके दिखाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब उनकी सरकार पिछड़े और अति पिछड़े समुदायों के लिए काम करने की बात कहती है, तो यह प्रतिबद्धता उसकी नीतियों और फैसलों में झलकती है। उन्होंने कहा कि उनका मिशन स्पष्ट हैः हर पिछड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देना, चाहे वह पिछड़ा क्षेत्र हो या पिछड़ा वर्ग, वे सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में हैं।

भाजपा, जद(यू) और लोजपा वाला राजग एक बार फिर बिहार में अपनी सत्ता बरकरार रखने की कोशिश करेगा, वहीं राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों वाला भारत ब्लॉक नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने की कोशिश करेगा। 243 सदस्यों वाली वर्तमान बिहार विधानसभा में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 131 सदस्य हैं, जिसमें भाजपा के 80 विधायक, जद(यू) के 45, हम(एस) के 4 और 2 निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन प्राप्त है। विपक्ष के भारत ब्लॉक में 111 सदस्य हैं, जिसमें राजद 77 विधायकों के साथ सबसे आगे है, उसके बाद कांग्रेस के 19, भाकपा(माले) के 11, माकपा के 2 और भाकपा के 2 विधायक हैं।

# उत्तर प्रदेश में खतरे के निशान पर गंगा-यमुना, बाढ़ से घिरी लाखों की आबादी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित राजस्थान, मध्य प्रदेश में लगातार वर्षा के चलते उफनाई सहायक नदियों केन-बेतवा, चंबल का पानी गंगा और यमुना में पहुंचने से बाढ़ की स्थिति निरंतर विकराल होती जा रही है। दो नदियों गंगा और यमुना से तीन तरफ से घिरा प्रयागराज शहर बाढ़ की चपेट में आ गया है। दोनों नदियां शनिवार सुबह ही खतरे का निशान पार कर गईं इससे लगभग 40 हजार लोग बेघर हो चुके हैं। तीन लाख से ज्यादा की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। प्रशासन की ओर से जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। वाराणसी में भी गंगा रात में खतरे के निशान पर पहुंच गई है। दशाश्वमेध क्षेत्र में शीतला माता मंदिर, गंगा मंदिर, जल पुलिस बूथ पूरी तरह से पानी में समा चुका है। गंगा का पानी सड़क पर बह रहा है और गलियों में नावें चलने लगी हैं। एक लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बुंदेलखंड और आसपास के जिलों की नदियों में भी पानी लगातार बढ़ रहा है। यमुना में आई बाढ़ के चलते फतेहपुर में कानपुर-बांदा मार्ग पर आवागमन दो दिन से ठप है। बांदा में एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नहर में बह गईं। हमीरपुर में मकान ढहने से मलबे में दबने से ग्रामीण की मौत हो गई। सोनभद्र में कनहर नदी में तैरने के दौरान डूबने से युवक-युवती की मौत हो गई। बनारस में मणिकर्णिका घाट के पूरी तरह से डूब जाने के बाद गलियां जलजाल हो चुकी हैं। शवदाह करने वालों को नौका से शव लेकर घाट की छत तक पहुंचना पड़ रहा है। शवदाह गलियों में भी होना आरंभ हो गया है। बाढ़ से 26 गांव और शहर के 21 वार्ड प्रभावित हैं। गंगा के पलट प्रवाह से वरुणा के तटवर्ती क्षेत्रों में बस्तियों में पानी घुस जाने से 4735 लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में शरण लेने पर मजबूर हैं। प्रयागराज में शहर तथा आसपास के नगरीय क्षेत्र की 60 बस्तियों और जिले के 63 गांव बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। टोंस और बेलन नदियों में भी जल स्तर काफी बढ़ गया है। दोनों नदियां खतरे के निशान के बिल्कुल पास पहुंच गई हैं। जिले में 87 बाढ़ राहत चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। कुल 13 राहत शिविरों में साढ़े तीन हजार से ज्यादा लोगों को शरण दी गई है। फतेहपुर जिले में अमौली तथा खागा तहसील के 50 गांवों में यमुना का पानी घुस गया है। चित्रकूट में राजापुर-बांदा राज्य मार्ग सहित सरधुआ-अर्की, मऊ-मवई और परदवां मार्ग जलमग्न हैं। उरई में यमुना का पानी खतरे के निशान से चार मीटर ऊपर बह रहा है। कानपुर देहात में यमुना खतरे के निशान से चार मीटर ऊपर बह रही है। बाढ़ के कहर के चलते पीड़ित जन सड़कों पर रातें बिताने को मजबूर हैं। पीड़ितों का आरोप है कि सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी उनकी खोज खबर लेने नहीं पहुंचे। इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक पर एक पोस्ट प्रचलित हो रही है, जिसमें सांसद को लापता बताकर खोजने वाले को डेढ़ सौ रुपये इनाम देने की बात भी लिखी है। इस संबंध में कई बार सांसद से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन काल रिसीव नहीं की गई।

# मोहनलालगंज में 'प्रोजेक्ट सेफ राइड' के तहत ऑटो-टेम्पो चालकों की गोष्ठी एसीपी रजनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में सम्पन्न

**वाहन पंजीकरण, सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों पर विशेष दिशा-निर्देश जारी.**

**http://lucknowpolice.up.gov.in/erickshaw**

**अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह**



मोहनलालगंज। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के दक्षिणी जोन के मोहनलालगंज में प्रोजेक्ट सेफ राइड अभियान के तहत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उनके कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ गोष्ठी में मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के ऑटो एवं टेम्पो चालकों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की जानकारी, नागरिक सुरक्षा और वैध पंजीकरण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है बल्कि आमजन की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देना भी है ।एसीपी रजनीश वर्मा ने गोष्ठी के माध्यम से चालकों को विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अब प्रत्येक ऑटो व टेम्पो वाहन का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। वाहन मालिक और चालक दोनों की पहचान, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र और चरित्र सत्यापन पत्र वेबसाइट पर अपलोड करना जरूरी होगा ।पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है सत्यापित वाहनों को क्यूआर कोड जारी होगा, जिसे वाहन पर चस्पा करना अनिवार्य है क्यूआर कोड और सत्यापन वाले वाहन चालकों को शहर में संचालन की अनुमति नहीं होगी ड्राइवरों को ड्रेस कोड में रहना अनिवार्य होगा अधिक सवारी बैठाना अनधिकृत स्थानों पर वाहन रोकना और सड़क पर बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि यह अभियान न केवल पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करेगा बल्कि लखनऊ में सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुरक्षित और जिम्मेदार बनाएगा उन्होंने क्षेत्रीय जनता से अपील की कि वे केवल उन्हीं ऑटो-टेम्पो का उपयोग करें जिन पर क्यूआर कोड चस्पा हो और चालक सत्यापित हो पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की इस पहल को स्थानीय स्तर पर सराहना मिल रही है और उम्मीद की जा रही है कि यह कदम सड़क सुरक्षा को एक नई दिशा देगा।

# निगोहां के दखिना गांव में शिव पुराण कथा का छठा दिन श्रद्धा और ज्ञान से रहा परिपूर्ण

**शिव ही हैं संसार का सार तत्व**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। सात दिवसीय शिवपुराण कथा के छठे दिन श्रद्धा भक्ति और तत्वज्ञान की त्रिवेणी बहती दिखाई दी निगोहां क्षेत्र के दखिना गांव में चल रही कथा के वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक आचार्य जयशंकर शुक्ला ने शिव तत्व की महानता और आध्यात्मिक स्वरूप का सारगर्भित वर्णन किया कथा के दौरान आचार्य शुक्ला ने कहा कि यह जगत स्वयं शिव का ही विग्रह है जब जीव अज्ञान के कारण पाश (बंधन) में बंध जाता है तब वह अपने वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है एक ही परम तत्व को भिन्न-भिन्न रूपों में देखा और जाना जाता है कोई उसे अनादि और अनंत कहता है तो कोई ईश्वर ब्रह्म चिदात्मक विषयात्मक या व्यक्तिवाचक तत्व के रूप में मान्यता देता है उन्होंने विस्तार से बताया कि वही एक शिव रूप है जो भूत इंद्रियाँ अंतःकरण और प्रकृति के सभी तत्वों में व्याप्त है वही तत्व ब्रह्म भी है और वही चैतन्य भी है वह सभी पिंडों में वर्त्तमान जाति रूप में स्थित है और व्यक्ति रूप में आवृत्त होता है जाति और व्यक्ति दोनों ही उसी एक महाशक्ति के आदेश से परिवर्तनशील हैं यही कारण है कि भगवान महादेव को 'जाति और व्यक्ति' स्वरूप दोनों में कहा गया है कथा में आए श्रद्धालुओं को यह तत्वज्ञान आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई कि समाज में फैले अज्ञान और द्वंद को समाप्त करने का एक ही मार्ग है शिव तत्व को समझना और आत्मा जोड़ना शिव ही संसार का सार हैं इस कथन के माध्यम से आचार्य शुक्ला ने यह संदेश दिया कि शिव केवल पूजनीय देव नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि के मूल में स्थित परम चेतना हैं ।इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा के आध्यात्मिक महत्व को हृदय से ग्रहण किया कार्यक्रम का समापन भजन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ आयोजकों ने बताया कि शिवपुराण कथा का समापन अगली संध्या को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा।

# दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग से प्रताड़ित गर्भवती महिला ने 14 माह की बेटी संग तहसील परिसर में किया आत्मदाह का प्रयास...

**मोहनलालगंज तहसील समाधान दिवस में गूंजा महिला का दर्द, बोली-मेरी मौत की जिम्मेदार गोसाईगंज पुलिस होगी**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में एक गर्भवती महिला ने अपनी 14 माह की मासूम बेटी के साथ दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग से त्रस्त समाधान दिवस सभागार भावन में पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने किसी तरह महिला को शांत कर उसकी जान बचाई लेकिन इस घटना ने पुलिस की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप.......

पीड़िता सीमा वर्मा पत्नी सुनील कुमार यादव निवासी गोसाईगंज ने बताया कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति, ससुराल पक्ष और अन्य परिजन लगातार दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर आए दिन मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा था सीमा के अनुसार, बीते 2 जून को विवाद इतना बढ़ गया कि पति जेठ और देवर ने मिलकर उनके साथ मारपीट की गर्भावस्था की हालत में घर से निकालने की कोशिश की और अलमारी में रखे गहने व नकदी लेकर फरार हो गए।

### पुलिस ने डांट-फटकार कर भगा दिया......

सीमा का आरोप है कि उन्होंने कई बार गोसाईगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय डांट-फटकार कर भगा दिया। न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही किसी आरोपी पर कार्रवाई हुई तहसील समाधान दिवस पर पेट्रोल लेकर पहुंची महिला पुलिस की इस कथित लापरवाही से तंग आकर शनिवार को तहसील समाधान दिवस के दौरान सीमा अपनी गोद में बेटी को लेकर पेट्रोल की बोतल के साथ तहसील परिसर पहुंचीं अधिकारियों के सामने ही उन्होंने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की और चिल्लाते हुए कहा—मेरी मौत की जिम्मेदार गोसाईगंज पुलिस होगी।

### अधिकारियों ने बचाई जान महिला ने मांगी सुरक्षा......

मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला से पेट्रोल की बोतल छीनी और उसे शांत कराया महिला ने रोते हुए प्रशासन से गुहार लगाई कि उन्हें और उनकी बेटी को सुरक्षा दी जाए तथा दहेज उत्पीड़न करने वाले आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो वह किसी भी अनहोनी के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराएंगी।

### घटना से तहसील दिवस में हड़कंप पुलिस पर उठे सवाल....

इस दर्दनाक घटना के बाद तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई होती तो महिला को यह कदम नहीं उठाना पड़ता अब देखना यह होगा कि प्रशासन और पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

# भ्रष्टाचार की जड़े हिलाने उतरे वकील, पहले दिन ठप पड़ा तहसील के न्यायिक काम.....

**दलालों और भ्रष्ट अधिकारियों पर बरसे अधिवक्ता, तहसील परिसर में गरजते रहे नारे चेतावनी, जल्द कार्रवाई न हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल......**

**अमन लेखनी समाचार**




मोहनलालगंज । मोहनलालगंज तहसील में फैले कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ बार एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला और महामंत्री राम लखन यादव के नेतृत्व में अधिवक्ता चौथे दिन भी तहसील परिसर में धरने पर डटे रहे न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप है जिससे आमजन की परेशानियां बढ़ गई हैं अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील मोहनलालगंज में न्यायालय, विभिन्न सरकारी दफ्तर लेखपाल और राजस्व निरीक्षक स्तर पर भ्रष्टाचार खुलेआम फल-फूल रहा है पेशकार और कुछ कर्मचारियों पर दलालों के माध्यम से घूस लेकर मामलों को प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं वकीलों ने दावा किया कि तथाकथित दलाल और कुछ पत्रकार भी विवादित पत्रावलियों में पैरवी कर न्यायिक प्रक्रिया में दखल दे रहे हैं।

### बार एसोसिएशन के गंभीर आरोप.....

मोहनलालगंज बार एसोसिएशन महामंत्री रामलखन यादव ने बताया कि धारा 34 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अधिनियम के अंतर्गत विवादित पत्रावलियों में समय से आदेश नहीं धारा 38(2), 76, 24, 166, 101, 80, 98 जैसे मामलों में तहसीलदार व एसडीएम स्तर पर फाइलें जानबूझकर लंबित विवादित मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी आदेश में देरी आदेश के बाद भी राजस्व अभिलेखों में समय से अमल न होना राजस्व अभिलेखागार लखनऊ से पत्रावलियां मंगाने में अनावश्यक विलंब अधिवक्ताओं ने यह भी खुलासा किया कि पीठासीन अधिकारियों के आवासों पर देर रात तक दलालों का आना-जाना होता है, जिससे न्यायिक कार्यवाही की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं बार एसोसिएशन का कहना है कि तहसील प्रशासन के साथ कई दौर की वार्ता के बावजूद भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी है अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर भी विचार किया जाएगा।

# गांव-गांव जाकर जनसमस्याओं को सुन रहे सपा सांसद

**● मोहनलालगंज सांसद आर.के. चौधरी, किसानों की समस्याओं को सदन में उठाने का दिया भरोसा......**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद आर.के. चौधरी जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं इसी क्रम में शनिवार को वे पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के साथ गोसाईगंज ब्लॉक की ग्राम सभा लक्ष्मणपुर पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया ग्रामीणों से बातचीत के दौरान प्रमुख मुद्दा खाद वितरण केंद्र की जर्जर हालत रहा सांसद ने इस्माइल नगर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक साधन समिति लि० का निरीक्षण किया जिसकी स्थिति बेहद खराब पाई गई समिति भवन की दीवारें जर्जर हो चुकी दरवाजे टूटे हुए हैं और किसानों को खाद वितरण के लिए अस्थायी तिरपाल की व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ रहा है किसानों ने चिंता जताते हुए बताया कि भवन कभी भी गिर सकता है जिससे जानमाल का खतरा बना रहता है इस निरीक्षण के दौरान सांसद आर.के. चौधरी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि वे इस गंभीर समस्या को संसद में उठाएंगे और इसे स्थायी रूप से हल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे ।उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता में हैं और उनका समाधान पार्टी की नीति और नीयत दोनों का हिस्सा है निरीक्षण के बाद जनसभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जोन प्रभारी दिनेश यादव, समिति अध्यक्ष रामलाल रावत, राम आधार वर्मा, मोहम्मद कयूम, बृजेश लाला, लतीफ फारूखी, पूर्व प्रधान उतार रहमान, बास देव वर्मा, संतोष रावत, इकबाल अहमद, राजकुमार धीमान, मनीष शर्मा, संजीवन धीमान, अनीद अहमद, हरीशंकर रावत और संतराम रावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।कार्यक्रम का उद्देश्य समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना, गांवों में एकजुटता स्थापित करना और जमीनी स्तर पर व्याप्त समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में ठोस प्रयास करना था सांसद चौधरी ने कहा कि समाजवादी आंदोलन सिर्फ नारे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता के बीच जाकर उनकी पीड़ा को समझने और उस पर कार्य करने का निरंतर प्रयास है।

# शादी का झांसा देकर तलाकशुदा युवती के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में शादी का झांसा देकर तलाकशुदा युवती के साथ उसके रिश्तेदार युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है ।पीड़िता ने इस मामले में अपने मौसी के बेटे पर आरोप लगाया है ।उसका कहना है कि 8 माह की गर्भवती होने के बाद आरोपी युवक ने शादी से इनकार कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्षीया युवती की बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक के साथ 2019 में शादी हुई थी ।शादी के बाद युवती ने एक बच्चे को जन्म दिया। लेकिन 2021 में युवती की उसके पति से तलाक हो गई और पीड़िता अपने मायके में रहने लगी। आरोप है कि उसके बाद बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाला उसकी मौसी का बेटा उसके संपर्क में आया और उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म की घटना अंजाम दी ।इस बीच पीड़िता गर्भवती हो गई, लेकिन आरोप है कि गर्भवती होने के बाद जब पीड़िता ने उसके ऊपर शादी का दबाव बनाया तो युवक ने उसके साथ शादी करने से इनकार कर दिया। जिससे परेशान होकर 8 माह की गर्भवती पीड़िता ने शनिवार को बंथरा थाने में मामले की तहरीर दी ।बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह का कहना है कि पीड़ित युवती का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ उसके 164 के बयान दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने डॉक्टर के घर से चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस ने डॉक्टर के घर चोरी की वारदात का पदार्फाश करते हुए एक शातिर चोर को शनिवार को गिरफ्तार किया है शातिर चोर ने एक डॉक्टर के घर से पांच हजार की नगदी व चांदी की पायल और अन्य कीमती सामान चुराए थे लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उसे गिरफ्तार कर लिया गया शातिर चोर की पहचान 26 वर्षीय सचिन पुत्र सुमनकांत मौर्य के रूप में हुई है जो मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भसंडा गांव का निवासी है पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डॉ.अभिषेक कुमार यादव जो संकट मोचन क्लीनिक में चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पास ही एक किराए के मकान में रहते हैं बीते बुधवार को जब डॉक्टर अपने कमरे में थे उन्होंने देखा कि मकान का दरवाजा खुला हुआ था और लॉकर टूटा हुआ था लॉकर में रखा पांच हजार नकद, चांदी की पायल और अन्य कीमती सामान गायब थे ।इस पर डॉक्टर ने तुरंत शोर मचाया और छत की ओर दौड़ने लगे, जहां से एक युवक भागते हुए दिखा आस पास के लोग उसे पकड़ने में सफल हुए लेकिन आरोपी चोर ने उन्हें धक्का देकर भागने की कोशिश की फिर भी पुलिस ने आरोपी को पीछा कर गिरफ्तार किया।

घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अतरौली क्रॉसिंग पर किसी वाहन से फरार होने की कोशिश कर रहा था इसके बाद उप-निरीक्षक अनूप कुमार सिंह, कांस्टेबल किशन जायसवाल और कांस्टेबल दीपक तोमर की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मोहनलालगंज के विकास खण्ड कार्यालय के पास से दबोच लिया पुलिस द्वारा आरोपी चोर की तलाशी में उसके पास से पांच हजार नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सफेद धातु का सिक्का,और एक अंगूठी बरामद की गई आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज थे पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पर पहले भी चोरी के कई मामलों में आरोप हैं उसे अब न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है इस सफलता को लेकर पुलिस टीम की कार्यप्रणाली की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है मोहनलालगंज पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई ने अपराधियों के लिए एक कड़ा संदेश दिया है कि कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं।

# गैंगरेप के आरोपित ने की नाबालिग किशोरी से की छेड़छाड़

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।निगोहा पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए एक बार फिर महज 24 घंटे के अंदर आरोपी को जेल भेजा पीड़िता का बयान दर्ज कराया और आरोप पत्र भी न्यायालय में दाखिल कर दिया घटना निगोहा थाना क्षेत्र के गांव की जहां पीड़िता के पिता ने बीते गुरुवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कराया पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी तभी रास्ते में आरोपी युवक बृजेश ने उसकी बेटी को रोक लिया और जबरन मोबाइल नंबर मांगने लगा जब किशोरी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गलत नीयत से उसे छूने का प्रयास किया पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया।

### 24 घंटे में पुलिस ने फिर की बड़ी कार्यवाही : आरोपित को जेल पीड़िता का दर्ज हुआ बयान और आरोप पत्र भी न्यायालय में दाखिल

निगोहां थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार का जेल भेजा गया और पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करने के साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिए गए हैं आरोपी पहले से पीजीआई थाने से गैंगरेप का आरोपी है और जेल भी जा चुका है तथा कई थानों में चोरी के मुकदमे भी दर्ज हैं।

## संक्षेप

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस लाइन पर हुए सड़क हादसे में घायल युवक की नौ दिन बाद मौत हो गई। आसीवन थाना क्षेत्र के गांव रोलिया मोहद्दीपुर निवासी मोहम्मद साहिल (25) अपनी पत्नी निशा बानों और छह महीने के बेटे साद के साथ बाइक से हसनगंज जा रहे थे। गांव ऊंचे द्वार के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इस हादसे में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पत्नी और बच्चे को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हसनगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने साहिल की गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां शुक्रवार शाम करीब चार बजे उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर देर रात गांव पहुंचे। शनिवार दोपहर करीब दो बजे मृतक के पिता वाहिद अली ने आसीवन पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक राम औतार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक चार भाई और चार बहनों में तीसरे नंबर का था। उसके बड़े भाई रशीद, शफीक और छोटा भाई नफीस है। बहनों में रशीदा, साजिदा, शाहजहां और गुलशन हैं। साहिल तेलंगाना राज्य में गमले के कारखाने में मजदूरी करता था। मृतक की पत्नी निशा बानों, मां रसूलन सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राशन वितरण में ग्रामीणों ने घटतौली करने का लगाया आरोप

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के आलमऊ सराय गांव के ग्रामीणों ने उचित दर विक्रेता पर राशन वितरण में घटतौली का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील समाधान दिवस में एसडीएम को प्रार्थनापत्र सौंपकर शिकायत की।ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार बाल मुकुंद राशन वितरण में घटतौली करता है और कार्डधारकों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। उन्होंने पिछले माह का पूरा राशन हड़पने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले भी शिकायती पत्र दिया गया था, जिसकी जांच पूर्ति निरीक्षक बांगरमऊ द्वारा की गई थी।जांच में खामियां पाई गई थीं, लेकिन निलंबन आदेश जारी होने से पहले ही कोटेदार ने सभी राशन कार्ड धारकों का अंगूठा मशीन में लगवाया और किसी को भी राशन नहीं दिया। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक शिवम्‌गुप्ता ने बताया कि 15 दिन पहले ही दुकान निलंबित कर दी गई है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाहनवाज खान के अनुसार, कोटेदार निलंबित हो गया था लेकिन आदेश जारी नहीं हुआ था, जिसका फायदा कोटेदार ने उठाया। ग्रामीण मुन्ना यादव ने आरोप लगाया कि कोटेदार लगातार कार्डधारकों से घटतौली कर अभद्रता करता था और उन्होंने 70 कुंतल राशन हड़पने का भी आरोप लगाया है।ग्रामीणों ने मामले की जांच सक्षम अधिकारी से कराने की मांग की है, जिस पर एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन अभी तक उचित कार्रवाई नहीं की गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। डीएम ने अगस्त माह के प्रथम शनिवार को स्थानीय तहसील में तीन महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ करके सम्पूर्ण समाधान दिवस को ऐतिहासिक बना दिया। आज के समाधान दिवस में डेढ़ सैकड़ा से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसमें से मौके पर 22 समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव के आने के बाद से तहसील प्रांगण में यादगार परिवर्तन हुआ है। जहां एक ओर उन्होंने जनसमस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को जनता दर्शन की नई परम्परा को प्रारंभ किया तो वहीं दूसरी ओर अपनी जुझारू कार्यशैली से लगातार ख्याति पा रहे हैं। अगस्त माह के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी गौरांग राठी के द्वारा तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का उन्होंने शुभारंभ कराया। आज पहला शुभारंभ प्रतीक्षालय या न्याय का द्वार के नाम से कराया गया जिसमें कोई भी प्रार्थी या किसी भी कारण से जो काश्तकार तहसील में प्रतीक्षा करेगा, वह इस कक्ष, अनुकूलित कमरे में बैठेगा। प्रार्थना पत्र का सारांश वहां उपस्थित ऑपरेटर तैयार करेगा। प्रतिदिन किसी न किसी ऑपरेटर की ड्यूटी है। उसकी समस्या का सारांश लेकर तब अधिकारी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके आधार पर अधिकारी उसको मार्क करेंगे। अगर प्रार्थी को यह समझना होगा कि धारा 24 या धारा 116 या कहां मुकदमे में जाए, तो यह भी इसी प्रतीक्षालय में उपस्थित ऑपरेटर या बाबू उसको समझाएगा ?। इस कमरे में सभी लेखपाल अमीन के मोबाइल नंबर और राजस्व धाराएं दीवारों पर पोस्ट के रूप में है। दूसरा शुभारंभ राजस्व ज्ञानालय या वाचनालय के रूप में हुआ जिसमें कक्ष में राजस्व संबंधित पुस्तक लाइब्रेरी तथा विभिन्न धाराओं की एसओपी या प्रक्रिया दीवारों पर लगाई गई हैं। विभिन्न धाराओं की प्रक्रिया तथा इसमें नए-नए शासनादेश हैं। यहां पर हुई तैयारी के आधार पर प्रत्येक माह या माह में दो बार लेखपालों का तथा अन्य राजस्व कर्मचारी का प्रशिक्षण किया जाएगा। इसके प्रभारी नायब तहसीलदार तथा तकनीकी रूप से दक्ष लेखपाल हैं। जबकि तीसरा शुभारंभ डीएम ने पालनागृह का किया। यह कक्ष महिलाओं को समर्पित है। इसका नाम है पालना घर। हमारी तहसील में 24 से अधिक महिला कर्मचारी लेखपाल हैं कुछ के छोटे बच्चे भी हैं। महिलाओं के लिए अलग स्थान है, जहां पर पालना भी है, बच्चों के खिलौने भी हैं और उसी से लगा हुआ बगल में महिलाओं का अलग शौचालय है। यह कमरा पूरी तरह से महिलाओं के लिए है। उपरोक्त तीनों कमरे वातानुकूलित है तथा उनके प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं इनकी मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाएगी, जिससे इसमें तैयार किए गए लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इसके अतिरिक्त तहसील में एक इको पार्क तैयार किया गया है जोकि वेस्टेज से तैयार किया गया है। गेट से ही दाहिनी तरफ छोटा सा पार्क है इसमें प्लास्टिक की टूटी हुई बोतल, बेकार हुए टायर आदि से पार्क को सुंदर बनाया गया है। यहीं पर तहसील का सेल्फी प्वाइंट भी है। आज के समाधान दिवस में कुल 174 प्रकरण आए जिसमें राजस्व के सर्वाधिक 104, पुलिस 23, विकास 14, विद्युत 12, पूर्ति विभाग 8 व अन्य 13 प्रकरण थे जिसमें से मौके पर 22 का निस्तारण कराया गया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि आज जिलाधिकारी महोदय के आने के कारण फरियादियों की संख्या अधिक रही। उन्होंने बताया की तहसील द्वारा 9 बिंदुओं पर नवाचार भी किया गया है जिसका लाभ आम जनमानस को मिलेगा। आज जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर, एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ ऋषिकांत शुक्ल, तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, नायब तहसीलदार आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव के समक्ष पहुंचे कुल 104 फरियादियों ने अपना अपना दुखड़ा सुनाया. जिसमें से राजस्व के 4 व सामाजकल्याण के 2 मामलों का मौके पर ही समाधान करा दिया गया.ए डी एम ने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित समय में निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया.अगस्त माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.इस दौरान समाधान दिवस में पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर ने भी फरियादियों की शिकायतें सुन उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. तहसील क्षेत्र के भटनिया मजरा ओसियां निवासी राजकरन पुत्र परसादी ने गांव के ही सुशील यादव व गंगाराम पर गाटा संख्या 220 पर जबरन कब्जा करने कर धान की फसल लगाने का आरोप लगाया है,वहीं पीखी गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र रामनारायण ने दिए गए शिकायती पत्र में राशन कार्ड में पुत्री प्रियंका का नाम बढ़ाए जाने की मांग की है.सफीपुर कस्बा के मोहल्ला बबर अली खेड़ा निवासिनी गंगा देवी पत्नी अमित कुमार ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपने पति और पुत्री सृष्टि के साथ हुलासी कुआं स्थित फास्ट फूड की दुकान पर बर्गर खाकर बीमार पड़ गई.पीड़िता ने दुकानदार पर घटिया तेल मसाला डाल बर्गर बनाने एवं उन्हीं बर्गरों के खाने से हुई बीमार हो जाने से आहत हो कार्यवाही की मांग की है. समाधान दिवस में राजस्व के 55,पुलिस 13,समाज कल्याण 2,विकास विभाग 7,विद्युत 11 पूर्ति विभाग के 4 व अन्य 12 सहित कुल 104 मामले दर्ज किए गए.जिनमें से राजस्व के 4 व सामाजकल्याण के 2 सहित कुल 6 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया.शेष शिकायतों के जल्द एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए अपर जिलाधिकारी ने सभागार में मौजूद विभागाध्यक्षों को प्राथमिकता के आधार पर समय से निराकरण करने के निर्देश दिए.इस दौरान उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा,खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी,खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह, एस डी ओ विद्युत एजाज खान सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर गांव सुरसेनी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर गया। इसके बाद तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होने पर पहुंचें परिजनों में कोहराम मचा रहा।मृतक की पहचान आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा कुरसठ के मजरा ताजू खेड़ा निवासी मितान (45) पुत्र हरिपाल के रूप में हुई है। वह अपने बच्चों के लिए स्कूल जाने के लिए नई साइकिल खरीदने बांगरमऊ जा रहा था। सुरसेनी गांव के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। मितान सड़क पर गिर गए और तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया और मौके से फरार हो गया।घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। दोनों ओर कई किलोमीटर तक जाम लग गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि मितान के साथ कुरसठ से एक साइकिल मिस्त्री रवि भी गया था, लेकिन घटना के बाद से वह नहीं मिला है। मृतक मितान खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी पत्नी उर्मिला देवी, मां कृष्णा देवी, दो बेटियां मुस्कान और खुशी तथा दो बेटे अभिषेक और आयुष का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# पीएम किसान उत्सव दिवस का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। ब्लाक सभागार मे कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त जारी होने के उपलक्ष्य में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया।ब्लॉक सभागार में आज किसान सम्मान निधि की 20 वी किस्त जारी होने पर किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश रावत शामिल हुए। कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बनारस से जारी की जा रही किस्त का लाइव प्रसारण दिखाया गया। सभागार में सैकड़ो की संख्या में कृषक भाई उपस्थित रहे। राजकीय कृषि भंडार प्रभारी अरुणांचल सिंह नें किसानों को बीज भंडार पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के बीज मिनीकिट के बारे में जानकारी दी । सहायक विकास अधिकारी कृषि शिवकुमार सिंह ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे कृषि यंत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री आदि के बारे में जानकारी प्रदान की । कृषि रक्षा इकाई प्रभारी मो. अली ने कृषकों को धान में लगने वाले विभिन्न प्रकार के रोग तथा खरपतवार आदि से बचाव की जानकारी प्रदान की। महेश रावत ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं तथा पीएम किसान के लाभ किसानों को बताए तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभार्थियों को कार्ड व बीज की मिनीकिट का वितरण किया।इस दौरान राजेश सिंह, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार, फसल बीमा प्रतिनिधि अजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के चारों तरफ भरा पानी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बारा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में बारिश के कारण जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। अस्पताल परिसर में चारों तरफ पानी भर जाने से गंदगी फैल गई है। इससे मरीजों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण अस्पताल परिसर में कीचड़ और गंदगी बढ़ गई है। मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने में कठिनाइयां हो रही हैं। विशेषकर बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज इस स्थिति में अधिक परेशान हैं। राज बहादुर, धुन्नू सिंह, बउवा अग्निहोत्री, हरेंद्र बहादुर सिंह, ज्ञानू सिंह का कहना है कि अस्पताल प्रशासन और अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बारिश के मौसम में यह समस्या हर साल उत्पन्न होती है। लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी अस्पताल परिसर में जमा हो जाता है। इससे न केवल मरीजों को परेशानी होती है। यह स्वास्थ्य के



लिए भी खतरा बन सकता है। अस्पताल में स्वच्छता की कमी से संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है।स्थानीय निवासियों और मरीजों ने प्रशासन से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने अस्पताल परिसर में उचित जलनिकासी व्यवस्था और नियमित सफाई की व्यवस्था करने की अपील की है।

# किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त जारी, लाखों किसानों को मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की गई पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का लाभ जिले के करीब 4.52 लाख किसानों को मिला है। बनारस में आयोजित 'पीएम किसान उत्सव दिवस' समारोह का सीधा प्रसारण पूरे देश में किया गया। उन्नाव के सिकंदरपुर सरोसी विकासखंड परिसर में बड़ी संख्या में किसानों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को देखा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों के कल्याण और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, सहकारी बैंक समिति के अध्यक्ष अरुण सिंह, उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश और अन्य अधिकारी मंच पर मौजूद रहे। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधान, किसान और ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीदी को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि इस योजना ने ग्रामीण भारत के किसानों को आर्थिक मजबूती दी है। इससे खेती-किसानी के लिए संसाधनों की व्यवस्था सरल हुई है। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने बताया कि जिले में हजारों किसानों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्राम प्रधानों और अधिकारियों से ऐसे पात्र किसानों की सूची तैयार कराने की अपील की जिन्हें अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है।

# ग्राम प्रधान ने किया अवैध कब्जा ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गाँव यसवंतखेड़ा मजरे हमीरपुर में गाटा संख्या 912 पर गौशाला दर्ज है। इस गौशाला में पूर्व प्रधान द्वारा बाउंड्री बनवा दी गयी है। शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में ग्रामवासियों में विकास यादव, अमर यादव, शिवगनेश ,ओमप्रकाश आदि लोगो ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गौशाला भूमि व उससे जुड़ी ग्राम समाज की जमीन पर वर्तमान ग्राम प्रधान निशा देवी के प्रतिनिधियों द्वारा बाउंड्री तोड़ कब्जा किया जा रहा है जिसे न्यायहित में रोका जाना आवश्यक है। जबकि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत यादव ने बताया मेरे पिता शिवबालक यादव द्वारा कई दशक पहले से गौशाला से सटी जमीन पर कोठरी व कब्जा था जिस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।क्षेत्रीय लेखपाल सूर्यकांत ने बताया निर्माण कार्य होने की सूचना पर कार्य रुकवा दिया गया है। जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी।

# हाथ में तख्ती लेकर आत्म समर्पण करने कोतवाली पहुंचा टप्पेबाज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कोतवाली सदर थाना क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना का एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। शुक्रवार रात को वांछित आरोपी इब्राहिम ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। इब्राहिम ने आत्मसमर्पण करते समय कहा, ₹मैं आत्मसमर्पण करता हूं, कृपया मुझे गोली न मारी जाए, अब मैं कोई अपराध नहीं करूंगा।₹ आरोपी उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के गदरपुर थाना क्षेत्र के ठंडा नाला, गूलरभोज का रहने वाला है। जुलाई माह में इन्द्रानगर मोहल्ले की एक महिला से कुछ अज्ञात युवकों ने टप्पेबाजी कर सोने-चांदी के जेवरात ठग लिए थे। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली सदर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसओजी, सर्विलांस सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम बनाई थी। गुरुवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों लईक और महबूब को गिरफ्तार किया था। दोनों भी उत्तराखंड के ठंडा नाला, गूलरभोज के रहने वाले हैं। इन्हीं के साथ टप्पेबाजी में शामिल तीसरा आरोपी इब्राहिम गिरफ्तारी के डर से फरार था। पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते उसने आत्मसमर्पण कर दिया।इब्राहिम के पास से टप्पेबाजी में लूटे गए दो कान के झुमके और एक पीली धातु की पुरुषों की अंगूठी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रधान संघ अध्यक्ष समेत 6 नामजद 20 अज्ञात पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज चौराहे पर उस समय हंगामा मच गया जब आम विक्रय को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट और तोड़फोड़ में बदल गया। रतन आम मंडी के मैनेजर के साथ खुलेआम गाली-गलौज, लात-घूंसों से पिटाई और कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अशोक कुमार निवासी मियागंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रतन आम मंडी में मैनेजर है। चार दिन पहले नायरा पेट्रोल पंप पर बरहा कला गांव के रामप्रसाद अपने बेटे के साथ आम बेच रहे थे। आम की बिक्री को लेकर एक व्यापारी से उनकी कहासुनी हो गई। इसी विवाद से नाराज होकर रामप्रसाद ने अपने बड़े बेटे प्रवीण रावत (प्रधान संघ अध्यक्ष) को मौके पर बुला लिया।आरोप है कि प्रवीण रावत अपने साथियों नवीन, अनस, प्रताप रावत, संतोष रावत और 15-20 अन्य लोगों के साथ नायरा पेट्रोल पंप कार्यालय में जबरन घुस आए। सभी ने अशोक को घसीटकर बाहर निकाला, मां-बहन की गालियां दीं और लात-घूंसे से जमकर पीटा। मौके पर तोड़फोड़ भी की गई। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी और भीड़ जुटती देख फरार हो गए।थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि अशोक की तहरीर पर छह नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पूरी घटना CCTV कैमरे में रिकॉर्ड हुई है, जिसे खंगाल कर जांच की जा रही है। दोषियों की पहचान होते ही सख्त कार्रवाई होगी। व्यापारियों में रोष, कड़ी सुरक्षा की मांग घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया है। व्यापारियों ने मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मंडी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# अधीक्षण अभियंता ने देर रात तक किया गया उपकेंद्रों का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार/पथिक पाण्डे




पुरवा, उन्नाव। बीती देर तक अधीक्षण अभियंता योगेन्द्र सिंह ने पुरवा वितरण खंड के अधीन मवई, कालूखेड़ा तथा मौरावां टाउन व ग्रामीण विद्युत उपकेंद्रों का निरीक्षण किया अधिशासी अभियंता विष्णुदयाल यादव एवं उपखंड अधिकारी ए0एच0 अंसारी के साथ किया गया. पावर हाउसों का निरीक्षण के साथ ही अवर अभियंता निशांत यादव, ओ0पी यादव व बसंत लाल के साथ समस्त टी0जी0 तथा संविदा कर्मियों की मीटिंग लेते हुए विभिन्न वाणिज्यिक बिन्दुओं की फीडरवार समीक्षा की गई. राजस्व वसूली की खराब स्थिति, कम टर्न अप ,कम राजस्व वसूली पर एक एक संविदा लाइन मैन, टी0जी0,फीडर मैनेजर, सहित अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी को चेतावनी के साथ हर स्थिति में टर्न अप 30% ग्रामीण फीडरों पर एवं 55% के ऊपर टाउन फीडरों पर लाने के लिए निर्देशित किया एवं कड़ी चेतावनी दी। मौरावां पावर हाउस पर उपखंड मौरावां के समस्त मीटर रीडर व सुपर वाइजर की भी एक मीटिंग अलग से की गई. माह अगस्त की बिलिंग प्रतिशत व गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देश दिए गए।

# माता के जयकारो के साथ भक्ति में रात भर सराबोर रहे ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार




असोहा, उन्नाव। क्षेत्र की ग्राम पंचायत उतरौरा में शुक्रवार रात्रि 9 बजे से शनिवार सुबह 5 बजे तक गूजे जय माता दी के जयकारे प्रशांत म्यूजिकल ग्रुप जागरण पार्टी लखनऊ के द्वारा मैया का चोला है रँगला , चलो बुलावा आया है ,माँ मुरादे पूरी कर दे हलवा बाटूंगी आदि कीर्तन भजनों पर लोग ताली बजाने तथा थिरकने पर मजबूर हो गए ।जागरण में मुख्य अतिथि के तौर पे पधारे वरिष्ठ भाजपा नेता संजय शुक्ला ने कहा कि हमारी संस्कृति सभ्यता सनातन यही है गाँव गाँव में एक जुट होकर लोगो द्वारा ऐसे कार्यकम निरन्तर होना एकता अखण्डता का भी प्रतीक है ऐसे कार्यक्रम होने भी चाहिए वही समाज सेवी सतीश त्रिपाठी ने जय माता दी का जय घोष करते हुए आयोजक सहित कमेटी का अभिवादन किया इस कार्यक्रम के आयोजक राकेश द्विवेदी ने सभी आगन्तुकों को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया वही संचालन प्रदीप कुमार मिश्रा ने किया साथ रहे शिवम मिश्रा हर्षित बाजपेई , संतोष बाजपेई , रितेश अवस्थी , आदित्य अवस्थी सहित सैकड़ो भक्तगणों ने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए माता के जय कारें लगाये।

## सम्पादकीय

# टैरिफ का फैसला मनमाना दबाव में नहीं आएगा भारत

भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एकतरफा ऐलान जहां मनमाना फैसला है, वहीं यह नई दिल्ली पर दबाव बनाने की टैक्टिस भी है, ताकि ट्रेड वार्ता में भारत को झुकाया जा सके। भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ दर को लेकर अब तक पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी दल भारत आएगा। इससे पहले अमेरिका का टैरिफ लगाने का ऐलान रणनीतिक रूप से भी सही नहीं है। दोनों देश अपने-अपने हितों को देखते हुए व्यापार वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका जिस तरह की रियायत कृषि व डेयरी उत्पादों पर चाहता है, वह भारत के लिए देना संभव नहीं है। यह बात भारत पहले बता चुका है। एक विकसित राष्ट्र का अनुचित रियायत मांगना अमेरिकी कमजोरी को दर्शाता है। भारत श्रम प्रधान क्षेत्रों पर विशेष रियायत चाहता है, इस पर ट्रेड वार्ता में बात चल रही है। 25 फीसदी टैरिफ का फौरी तौर पर भारत के पेट्रोलियम, फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मोती-महंगे पत्थर, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल्स, जूते, इलेक्ट्रानिक मशीनरी व उपकरण आदि के निर्यात पर असर पड़ेगा। ये सामान अब अमेरिका में महंगे हो जाएंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगाई से प्रभावित होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के रूस से व्यापार पर 'चिल्ल-पों' करते हुए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया है, लेकिन यह धमकी भारत के व्यापार करने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत किसी भी देश से व्यापार करने के लिए स्वतंत्र है, इस पर अमेरिका निर्देशित नहीं कर सकता है। अमेरिका अगर रूस व यूक्रेन जंग खत्म करना चाहता है, तो उसको पहले यूक्रेन को आर्थिक व सामरिक मदद करना बंद करना चाहिए। टैरिफ के जरिये अमेरिका का दोहरा मानदंड नहीं चलेगा। अतीत में भी अमेरिका ने पोखरण परमाणु विस्फोट पर भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया था, जो बेअसर रहा था। भारत के लिए अमेरिका कभी भी रूस की तरह मित्र देश नहीं रहा है, वह पाकिस्तानपरस्त रहा है, यह 1971 में भी दिखा और अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी दिखा। अमेरिका के भारत से रिश्ते ज्यादातर व्यापारिक रहे हैं। भारत बड़ा बाजार व खरीदार है, इसलिए अमेरिका ने 21वीं सदी में नई दिल्ली की तरफ झुकाव बढ़ाया है। भारत यह बात भलीभांति जानता है। राष्ट्रपति ट्रंप को एहसास है कि आयातक देशों पर अधिक शुल्क लगाकर अमेरिका अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था में जान फूंक सकेगा, लेकिन यह अवधारणा ही गलत है। ग्लोबल ट्रेड पर तात्कालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन वह जल्द ही नया रूप ले लेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से वैश्विक स्तर पर भारत, चीन, रूस, ब्राजील जैसे देश गोलबंद होंगे, जो अमेरिका की नाक में दम कर देंगे। अभी अमेरिकी टैरिफ भारतीय जीडीपी को 0.19 फीसदी व रुपये की कीमत को प्रभावित कर सकता है। नई टैरिफ दर के बाद अमेरिकी बाजार कनाडा, मेक्सिको, यूरोपीय संघ (ईयू), जापान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के लिए मुफीद होंगे, जबकि चीन, ब्राजील व भारत के लिए कठिन होंगे। भारत का घरेलू बाजार बहुत मजबूत है और वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2.4 फीसदी है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ बम से भारतीय जीडीपी बेअसर रहेगा। विदेशी मुद्रा भंडार पर अस्थायी असर पड़ सकता है। भारत को अपने निर्यात बढ़ाने के लिए ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जापान, खाड़ी देश, यूरेशिया, अफ्रीकी संघ व आसियान देशों जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, नए एफटीए करना चाहिए और अमेरिका के सर्विस सेक्टर पर नए तरीके से जवाबी टैरिफ दर के बारे में सोचना चाहिए।

# देश से विदेश तक प्रेमचंद का असर



अखिलेश आर्येन्दु

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

यह सोच कर ताज्जुब होता है कि शताब्दी पहले गुलामी के दिनों में भी तमाम भारतीय साहित्यकारों की रचनाएं विदेशियों के लिए कौतुहल का विषय क्यों बनीं? पता चला कि हिंदी के विश्वप्रसिद्ध लेखकों, कवियों और पत्रकारों की कालजयी रचनाओं का असर महज भारत तक ही सीमित नहीं रहा है बल्कि शताब्दी पहले रूसी, जर्मनी, फ्रांसीसी, चीनी, हंगेरियन सहित दुनिया के तमाम हिंदी प्रेमियों व अंग्रेज हिंदी प्रेमियों का जब भारत आना-जाना हुआ और तत्कालीन हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं से वे रूबरू हुए, तब वे हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं के मुरीद हुए। इनको पढ़कर वे प्रभावित हुए और अपने देश लौटकर उनका अनुवाद किया। तब से ही वहां के विश्वविद्यालयों में उन पर शोध भी होने शुरू हुए। जिन हिंदी साहित्यकारों को सबसे ज्यादा लोकप्रियता विदेशों में हासिल हुई उनमें कबीर, तुलसीदास, सूरदास, भारतेन्दु हरिश्चंद, जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत के अलावा गद्य लेखकों में मुंशी प्रेमचंद सबसे ज्यादा लोकप्रिय और पसंद किए गए। मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। विदेशियों की भारतीय साहित्य व समाज के बारे में सोच में बदलाव हिंदी के साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ने के बाद आया।

जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। गुलाम भारत में उस वक्त अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा, समाज में फैले पाखण्ड, अंधविश्वास, कुरीतियों एवं गंदी प्रथाओं को खत्म करने के लिए तमाम आंदोलन चलाए जा रहे थे। इन आंदोलनों में आर्यसमाज का असर समाज पर सबसे ज्यादा पड़ रहा था। प्रेमचंद की लेखनी में भी आर्य सामाजिक क्रांति का असर गहराई से देखा जा सकता है। भारतीय समाज के तत्कालीन हालात, प्रवृतियों और समस्याओं को प्रेमचंद ने अपने लेखन का विषय बनाया, वे महज भारतीय समाज की दिशा-दशा नहीं थी बल्कि दुनिया के उन सभी देशों की भी थी, जहां अंग्रेजों की हुकूमत थी। शायद यही वजह है कि प्रेमचंद विदेशों में भी उतने ही पसंद किए गए जितने की भारत में। पिछले सौ वर्षों में प्रेमचंद जितना सम्मान एशिया, यूरोप, अफ्रीकी देशों और अमेरिका के पड़ोसी देशों में पा रहे थे, वहां आज भी उसी तरह का मान-सम्मान अपनी रचनाओं के जरिए पा रहे हैं। जापान में हिंदी प्रचारक प्रो. क्यूमा दोई ने 1955 ई. में 'गोदान' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। इसी तरह प्रो. साबा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। जापान में इसे भारतीय साहित्य का पहला अनुवाद माना जाता है। प्रो. केइचि नियामोतो एवं प्रो. ताइगेन हाशियोतो की मदद से 'दो बैलों की कथा', 'बड़े भाई साहब', 'पूस की रात', 'नशा' जैसी अनेक लोकप्रिय कहानियों का जापानी में अनुवाद किया। सुश्री तामाकि मात्सुओगा ने ईदगाह का अनुवाद किया। प्रो. तेइजि सकाता ताकुसोक ने 1967 ई. में 'गोदान' में प्रेमचंद की पद्धति एवं शैली' तथा 1968 ई. में 'प्रेमचंद की कहानियों



में शिल्पविधि का विकास' लेख लिखा। इसके अलावा प्रो.कोउकि नागा ने 'प्रेमचंद तथा गांधीवाद' विषय पर शोध किया। वहीं, इशिदा हिदेआकी ने प्रेमचंद के साहित्य में छुआछूत पर किया गया कार्य, मुराकामी योशियाकी द्वारा प्रेमचंद साहित्य का संकलन, श्रीमती कुरू ने मृतक भोज, ठाकुर का कुआं, पूस की रात, दूध का दाम, सद्गति आदि कहानियों का जापानी भाषा में अनुवाद किया।

इसी तरह यूक्रेनी भाषा के महान रचनाकार ए.पी वारान्निकोव ने प्रेमचंद की रचनाओं को सर्वग्राही बताते हुए लिखा है-'प्रेमचंद की रचनाओं में असली भारत के दर्शन होते हैं।' उन्होंने उनकी भाषा-शैली की खासियत को बताते हुए लिखा-''प्रेमचंद न केवल श्रेष्ठ और नई जीवनशैली के धनी हैं, जिसे उन्होंने सबसे पहले अपनाया है, बल्कि भारतीय साहित्य के लिए एक नई विधा-सामाजिक कहानी में, जिसमें सामाजिक तत्त्वों को बड़ी मनोवैज्ञानिक गहनता से उभारा गया है।'' एशिया के देशों खासकर चीन में प्रेमचंद की कहानियों का चीनी भाषा में 1956 ई. में अनुवाद का काम शुरू किया गया। इन चीनी अनुवादकारों में प्रमुख हैं'-श्वेड. चेन, फू. सुन, चिड. चओ, थ्वान तिड., प्रो. ल्यू. ऑन ऊ, तथा नी पेनकिन। प्रो. ल्यू आन ऊ ने सबसे ज्यादा अस्सी कहानियों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीनी अनुवादकों ने प्रेमचंद की 200 कहानियों का अनुवाद किया। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रूस की तरह ही चीनी हिंदीप्रेमियों ने भी प्रेमचंद को महत्वपूर्ण लेखक मानते हुए उनकी तमाम रचनाओं का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीन में प्रेमचंद की लोकप्रियता के बारे में प्रो. ल्यकोनान ने लिखा है-''मुक्ति के पहले तो हिंदी साहित्य का लोग नाम भी नहीं जानते थे। पर अब तक प्रेमचंद के गोदान, रंगभूमि, निर्मला, गबन, कर्मभूमि आदि का अनुवाद हो चुका है, जो छपते ही हाथोंहाथ बिक गए। दुनिया के उन देशों में भी प्रेमचंद के साहित्य को पसंद करने वाले हैं जहां भारतीयों की तादाद बहुत कम है। डॉ. पी.वी ग्लादीशेव रूस के पहले विद्वान थे जिन्होंने इंदीस्काया दिरेव्या व त्वोरचेस्त्वे प्रेमचंदा (प्रेमचंद के कृतित्व में भारतीय ग्राम) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। इसी तरह डॉ. विक्टर ई. वालिन ने भी प्रेमचंद नावेलिस्ट (उपन्यासकार प्रेमचंद) विषय पर खास तवज्जो देते हुए शोध किया, जिस पर लेनिनग्राद विश्वविद्यालय से उन्हें 1956 में डॉक्टरेट की डिग्री मिली। उन्होंने गोदान, निर्मला, प्रेमाश्रय पर भी विवेचनात्मक अध्ययन किया। इसके अलावा लाहौर से प्रकाशित पत्रिका 'सोजे वतन' के आधार पर प्रेमचंद पर एक दिलचस्प लेख 'प्रेमचंद के सृजन-पथ की शुरुआत और सोजे वतन कहानी संग्रह' लिखा था, जो 1962 ई. में मास्को से प्रकाशित किताब 'सेब्रेमेन्नाया इन्दीस्काया प्रोजा' (आधुनिक हिंदी भारतीय गद्य) में संकलित है।

प्रेमचंद उन कालजयी रचनाकारों में हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए लोगों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित किया। विदेशों में भी प्रेमचंद के साहित्य का अनुवाद खूब हुआ, लेकिन मूलभाषा में पढ़ने का मज़ा कुछ और ही होता है, इस नजरिए से विदेशों में भी लोगों ने हिंदी सीखी। डॉ.मारग्रेट गात्सलाफ का निर्मला और कई कहानियों का जर्मन में रूपांतरण और प्रो.लोठार लुत्से द्वारा डा. कमल किशोर गोयनका के सहयोग से प्रेमचंद साहित्य पर किया गया कार्य काबिलेगौर है। लघु भारत कहे जाने वाले मॉरीशस में प्रेमचंद के चहेतों की लम्बी सूची है। आज दुनिया के तकरीबन सौ से ज्यादा देशों में प्रेमचंद वहां के चहेते विदेशी लेखकों में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

## आलेख

परदेशी राम वर्मा



# आकाशदीप प्रेमचंद

प्रेमचंद ने कर्मभूमि में लिखा है - 'जीवन में यथार्थ का महत्व आदर्श से जौ भर भी कम नहीं ।' वे यथार्थ को लेखन का विषय बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत कर गए । इसीलिए साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया । सही दर्पण में सच्ची प्रतिच्छबि दिखती है । उनकी कहानी ठाकुर का कुंवा, सद्गति, पूस की रात, सवा सेर गेहूँ, कफन और उपन्यास गोदान में सामंती शोषण, जातीय कट्टरता, दमन, अमानवीय व्यवहार और जड़ता पर चोट है । दूसरी तरफ गुल्ली डण्डा, बड़े भाई साहब, पंच परमेश्वर, नमक का दरोगा, ईदगाह, मंत्र, सुजान भगत जैसी कहानी और गबन जैसा उपन्यास है जिसमें जीवन के विविध रंगों के सजीव और प्रेरक चित्रण के साथ नसीहत है । मनुष्यता की जीत और सद्भाव का महत्व इन कहानियों में है तो गबन में स्त्री के आभूषण प्रेम को केन्द्र में रखकर रची गई कथा है । अति से विनाश की शुरूवात होती है । लालच, स्वार्थ, दिखावा, अंहकार आदमी को छोटा करता है । मनुष्य क्षमा, प्रेम और सहयोग से बड़ा बनता है यह संदेश इन कहानियों में है । एक अलग रंग घासवाली जैसी कहानियों का भी है । यह स्त्री के आन-बान की कहानी है । जातीय चौखटे में कैद समाज की सड़न पर भी इसमें चोट है । प्रेमचंद जिस समय गोदान लिख रहे थे और जिस दौर में वे कफन जैसी कहानी लिख रहे थे ठीक उसी काल में छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल जातीय कट्टरता के खिलाफ नाटक ऊंच-नीच लिखकर उसे खेल भी रहे थे । 1933 में गांधी जी छत्तीसगढ़ आये । तब चंदखुरी गांव के समृद्ध व्यक्ति श्री बर्छिहा जी और डॉ. खूबचंद बघेल के तमाम साथी समतावादी समाज के लिए जीवन न्यौछावर करने का संकल्प लेकर मैदान में उतर गए । बर्छिहा ने अपने गांव के सतनामियों की दाढ़ी स्वयं बनाकर सिद्ध किया कि सब मनुष्य बराबर हैं । नाई केवल सवर्णों की दाढ़ी क्यों बनायें ? उनके इस कदम से कुपित कूर्मि समाज ने उन्हें बहिष्कृत कर दिया। तब डॉ. खूबचंद बघेल नाटक का तोप लेकर गांव पहुंच गए। पंडित रविशंकर शुक्ल, महंत लक्ष्मी नारायण दास की उपस्थिति में जातिवादी जड़ता के खिलाफ लिखा गया नाटक ऊंच-नीच खेला गया और चमत्कार हो गया । गांव वालों ने संदेश को समझकर बर्छिहा को पुनः मुख्यधारा में ले लिया । इस तरह छत्तीसगढ़ में जहां पंडित सुन्दरलाल शर्मा ने सतनामियों को मंदिर प्रवेश करवाया वहीं डॉ. खूबचंद बघेल ने समतावादी छत्तीसगढ़ी समाज रूपी मंदिर की गरिमा को बनाये रखने का संदेश दिया।

डॉ. बघेल और पंडित सुन्दरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी समाज की भीतरी ताकत को समझने वाले विशेषज्ञ थे । ठीक उसी तरह पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विश्व-साहित्य के विशेषज्ञ, अंग्रेजी के उद्भट विद्वान और छत्तीसगढ़ी जीवन के अमूल्य सूत्रों को रेखांकित करने वाले महान लेखक थे । इसीलिए वे हृदय में जलने वाले स्नेह दीप की महिमा गाते हुए 'झलमला' लिख सके। छत्तीसगढ़ महतारी का समग्र चित्र खींचकर कारी का सृजन कर सके। हमारा छत्तीसगढ़ सद्भाव का द्वीप है । यहां घीसू-माधव जैसे अभागे लोग नहीं रहते। उन पर इतना दमन यहां नहीं हुआ कि मनुष्य होने की चेतना ही विलुप्त हो जाय। उनके जीवन में ऐसा रीतापन नहीं आया कि वे कफन के पैसे से खा-पीकर बेसुध हो जांय।

छत्तीसगढ़ के किसी ठाकुर के कुँए से मरणासन्न पति के लिए डोलची भर पानी निकालना इतना भयकारी, कभी नहीं रहा। यहां ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर की परंपरा के सहृदय ठाकुरों की बस्तियां सदैव आबाद रहीं । यहां रतीराम गौंटिया जैसे सतनामी रत्न जन्में जिन्होंने महादानी कहलाने का गौरव हासिल किया । सब कुछ दान देकर समाज में पर्वतदानी होने का सम्मान पाया । छत्तीसगढ़ की आंतरिक संरचना दूसरों से बिलग है । हिंसा और अतिरेक से बचता रहा है छत्तीसगढ़ । अपने समय के दो महत्वपूर्ण लेखकों ने अपना अपना सच देखा और उसके पक्ष में वे खड़े हुए । प्रेमचंद भी विश्व साहित्य के जानकार थे और बख्शी जी भी । लेकिन लेखन के लिए दोनों ही अपनी जमीन पर आश्रित थे । प्रेमचंद अपने आसपास की दुनिया को आधारित कर कथानक खड़ा करते थे । यथार्थ पर आधारित कहानियों के लेखक प्रेमचंद विश्व में पूजे जाते हैं । ठीक उसी तरह हमारे छत्तीसगढ़ के वंदनीय रचनाकार बख्शी जी का डंका बजता है । शिक्षक प्रेमचंद के स्कूल में गांधी जी आये थे । उनसे प्रभावित होकर ही उन्होंने नौकरी छोड़ी थी । प्रेमचंद गांधीवाद, मार्क्सवाद के साथ ही उस दौर के प्रभावी विचारकों से भी प्रभावित रहे । बख्शी जी डॉ. खूबचंद बघेल द्वारा 1956 में गठित छत्तीसगढ़ी किसान सभा में पदाधिकारी बनाए गये । इस तरह दो बड़े साहित्यकार अपने समय के बड़े नेतृत्वकर्ता से प्रभावित थे तो उस दौर के सर्वमान्य नेतृत्वकर्ता भी ऐसे साहित्यकारों के प्रशंसक थे।

अपनी धरती को समझकर और अपनी समझ भर लिखकर ही रचनाकार भरोसेमंद बन पाता है। पाखंड और नकली जीवन, दिखावे की सिद्धांतप्रियता कभी किसी सही दृष्टि वाले व्यक्ति को अच्छी नहीं लगती।

## राम सब घट मेरा साइयां




संकलित

दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

## भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित

प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों से लोग हलाकान

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

*– चेतन वर्मा, रायपुर*

## ट्रेंड

### पवित्र अवशेष



यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के बाद स्वदेश वापस लाए गए हैं। ये हमारी गौरवशाली संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बुनियादी सुविधाओं का लाभ



ईएचएन और आरयूसीए अधिनियम के माध्यम से, हम लोगों को अपने घरों को नियमित करने और बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने में सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, हम भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैधता को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-डा. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### मानदेय राशि में वृद्धि



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### सत्ता के करीबी



ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था क्या ऐसे ही बनेगी? लोन न चुका पाने पर ग़रीब की पत्नी को तो बैंक वाले बंधक बना रहे हैं लेकिन सत्ता के करीबी जो लोग बैंकों का खरबों लेकर विदेश भगा दिये, उनका क्या?

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### अफगानिस्तान में पर्यटकों का महिलाएं कर रहीं नेतृत्व

अफगानिस्तान में तालिबान की सख्ती के बीच एक महिला गाइड यहां स्थित संग्रहालय में आने वाली महिला पर्यटकों के समूहों का नेतृत्व कर रही हैं और संग्रहालय के बारे में बारीकी से जानकारी दे रही हैं।



पर्यटकों का अपनी गाइड के साथ चलना और संग्रहालय के बारे में दी जा रही जानकारी को ध्यान से सुनना एक अनूठा अनुभव देता है, जहां तालिबान शासन ने लड़कियों और महिलाओं के शिक्षा ग्रहण करने और काम करने पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हुई हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले विदेशियों के समूह में केवल महिलाएं हैं, गाइड भी एक महिला ही थी।

## ऑफ बीट

### एआई एजेंट ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने में सक्षम

हम कृत्रिम मेधा (एआई) के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। पहले दौर में चैटबोट आए। उसके बाद 'एआई असिस्टेंट' (सहायक) ने दस्तक दी। अब



हमारे बीच 'एआई एजेंट' हैं, जो ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने की क्षमता रखते हैं और 'टीम' बनाकर या 'टूल'' का इस्तेमाल करके जटिल कार्यों को पूरा कर सकते हैं। 'ओपनएआई' का 'चैटजीपीटी' एजेंट सबसे नवीनतम और चर्चित उत्पाद है। डेवलपर के अनुसार, यह पहले से मौजूद दो उत्पादों (ऑपरेटर और डीप रिसर्च) को मिलाकर ऐसा शक्तिशाली 'सिस्टम' बनाता है, जो 'अपने दम पर सोच-समझकर काम करता है। ये नये 'सिस्टम' पहले के 'एआई टूल' से एक कदम आगे हैं।

## संक्षेप

### बिजली दरों में 45% बढ़ोतरी पर प्रदर्शन

**सुल्तानपुर में व्यापारियों ने किया विरोध, ऊर्जा मंत्री की टिप्पणी पर जताई नाराजगी**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनीष साहू के नेतृत्व में गुरुवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने प्रदेश में हो रही बिजली कटौती और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित लगभग 45 प्रतिशत बिजली दर वृद्धि का विरोध किया। उन्होंने फिक्स चार्ज को समाप्त करने की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रस्तावित बिजली दरें वर्तमान दरों से लगभग डेढ़ गुना अधिक हो जाएंगी। इससे मध्यम वर्ग और निम्न वर्गीय परिवारों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। गरीबी रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ताओं को 3 रुपए की जगह 4 रुपए प्रति यूनिट देना होगा। व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर की समस्या भी उठाई। उनका कहना है कि ये मीटर 4.5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर महिला समेत चार को पीटा

**सुलतानपुर के गजऊराय का पुरवा में हमला, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया**

सुलतानपुर, कूरेभार थाना क्षेत्र के मीरामानिकपुर ग्राम पंचायत के गजऊराय का पुरवा में बुधवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। गांव निवासी अनिल कुमार के अनुसार, गांव के ही सौरभ यादव अपने सात-आठ साथियों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोप है कि लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से लैस इन लोगों ने गालियां देते हुए अनिल की मां लखपता देवी पर हमला कर दिया। जब अनिल की बहन शालिनी अपनी मां को बचाने दौड़ी, तो उस पर भी हमला कर दिया गया। दोनों जान बचाकर घर के अंदर भागीं, लेकिन हमलावर घर में घुसकर मारपीट करते रहे। अनिल का आरोप है कि दबंगों ने उसे और उसके जीजा को भी पीटा। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कूरेभार थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### किसानों को मिली बड़ी राहत

**नहर से पानी मिलने से धान की खेती के लिए डीजल इंजन की जरूरत खत्म, किसानों ने जताई खुशी**

सुलतानपुर, धनपतगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत सधराभारी में किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें अपने खेतों में सिंचाई के लिए नहर से पर्याप्त पानी मिल रहा है। इससे किसानों को डीजल इंजन चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। नहर से पानी की आपूर्ति शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों का कहना है कि नहर से मिलने वाला पानी धान की फसल के लिए पर्याप्त है। इससे उनकी लागत में कमी आएगी और समय की भी बचत होगी। स्थानीय किसान पटेसरी, बिजय और राम आधार ने बताया कि पहले उन्हें डीजल इंजन चलाकर सिंचाई करनी पड़ती थी।

# विद्यालयों के ऊपर से 01 माह में हाईटेंशन/एलटी लाइन को हटाया जायः डीएम

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद में संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवनों/परिसरों के ऊपर से जा रहे हाई टेंशन/एलटी लाइन को हटाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन से सम्बन्धित 160 विद्यालयों का चिन्हांकन करते हुये अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग को स्टीमेट हेतु सूची उपलब्ध कराई गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक की आख्या के क्रम में 06 माध्यमिक विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन जा रही है। इस प्रकार कुल 166 विद्यालयों के परिसर से छात्र सुरक्षा के दृष्टिगत हाईटेंशन लाईन हटाया जाना नितान्त आवश्यक है। श्री सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय समिति के माध्यम से हाईटेंशन लाईन हटाये जाने हेतु शासन स्तर से रू. 135.59 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि अध्यक्ष उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्ययोजना बनाकर अतिआवश्यकता वाले विद्यालयों से क्रमबद्ध तरीके से हाईटेंशन तार हटाये जाने हेतु अविलम्ब कार्यवाही करते हुये इस कार्य को एक माह में पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उच्च शिक्षा अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधीक्षण अभियन्ता, (वितरण) विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बहराइच, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कैसरगंज अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नानपारा, सहायक अभियन्ता, भण्डार उपस्थित थे।

# जनपद को प्राप्त हुए 44500 बैग यूरिया उर्वरक

**सहकारी समितियों को यूरिया भेजने का कार्य हुआ प्रारम्भः जिला कृषि अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद बहराइच को चिलवरिया रैक प्वाईन्ट से 44500 बैग यूरिया उर्वरक प्राप्त हुई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा चिलवरिया रैक प्वाईन्ट पर प्राप्त इफको यूरिया बैग का अवलोकन किया गया। तदोपरांत जिला कृषि अधिकारी एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक इफको द्वारा समस्त यूरिया उर्वरक रैक पॉइंट से सीधे रिटेलर्स एवं कोऑपरेटिव समिति को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी जनपद में प्राप्त उर्वरक के अतिरिक्त, 10838 मैट्रिक टन यूरिया, 3469 मेट्रिक टन डीएपी, 2799 मेट्रिक टन एनपीके एवं 12795 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। डॉ. यादव ने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 36324 बोतल नैनो डीएपी एवं 22436 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। उन्होंने जिले कृषकों को सुझाव दिया है कि डीएपी के साथ-साथ नैनो डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट ट्रिपल सुपर फास्फेट का भी प्रयोग करें, इसकी भरपूर मात्रा जनपद में उपलब्ध है। उन्होंने कृषकों को आश्वसत किया है कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# जिले के 5.88 लाख किसानों के खातों में पहुंची 117.60 करोड़ की सम्मान निधि

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त किसानों के खातों में भेजी गयी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद के कपूरथला आडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारियों तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रतिभागिता की गयी। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि जिले के 05 लाख 88 हजार किसानों को 117 करोड़ 60 लाख रू. की धनराशि प्रधानमंत्री ने सीधे किसानों के बैंक खाते में अन्तरित की गयी। जिसका सजीव प्रसारण जनपद, समस्त विकास खण्ड, ग्राम पंचायतो, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कराया गया। बताते चले कि भारत सरकार द्वारा जिले के पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रू. 06 हजार की धनराशि तीन किश्तों में प्रेषित की जा रही है जिससे किसानों को कृषि निवेश सहित उनकी अन्य जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित हो रही है। सम्मान निधि आने से कृषकों को समय से खाद, बीज, दवा आदि क्रय करने में सहूलत होती है।

# पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त जारी, किसानों को मिली बड़ी राहत

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना की 20वीं किस्त शनिवार को प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई। इस अवसर पर नवाबगंज ब्लॉक के चारदा कृषि कार्यालय में भी लाइव प्रसारण आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाइव डिजिटल) देशभर में देखा गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि किस्त की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे किसान परिवारों को कृषि कार्यों में मदद मिलेगी।स्थानीय स्तर पर भी किसानों ने इस अवसर को उत्साहपूर्वक मनाया। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से खेती के खर्च पूरे करने में बड़ी सहायता मिल रही है।अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों के खाते आधार से लिंक हैं और जिनकी पात्रता तय है, उन्हें समय पर यह राशि प्राप्त होगी। पीएम किसान योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान को सालाना छह हजार रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न कर्मचारी, अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा भीमसेन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विजय सिंह, जिला प्रतिनिधि अजय मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष ललित त्रिपाठी, मण्डल मंत्री विजय सिंह, युवा मोर्चा के मण्डल महामंत्री पंकज कश्यार्थ, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एस.पी. सिंह, समाजसेवी, दुर्गेश वर्मा और राजेश सिंह शामिल थे।

# जिले की सहकारी समितियों पर पीएम किसान निधि कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अपने संसदीय लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के एक कार्यक्रम के दौरान किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त किसानों के खाते में भेजी गई। इसका प्रसारण जहां कृषि विभाग के विभिन्न कार्यालयों में प्रसारित किया गया वहीं जनपद की सहकारी समितियां पर इसका लाइव प्रसारण किसानों के बीच दिखाया गया। क्षेत्रीय किसानों को सहकारी समितियां पर आमंत्रित कर उन्हें लाइव प्रसारण दिखाकर सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ।नानपारा में संचालित सहकारी समिति पर कोऑपरेटिव एआर संजीव कुमार तिवारी की उपस्थिति में किसानों ने प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को सुना। कोऑपरेटिव एआर संजीव तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद की सभी सहकारी समितियां पर किसानों के बीच दिखाया गया। इस मौके पर समितियों के अध्यक्ष सचिव क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने यूपीआई नियम बदलाव का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। अगस्त से लागू हुए यूपीआई के नए नियमों को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, रुपईडीहा इकाई के पदाधिकारियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एनपीसीआई द्वारा डिजिटल लेन-देन प्रणाली को और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए जाने के प्रयासों की सराहना की। व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता और स्थिरता लाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तकनीकी लोड में कमी आएगी और सर्वर संचालन बेहतर होगा। संरक्षक रतन अग्रवाल ने इसे आधुनिक तकनीकी सुधार की दिशा में ॒सही पहल॒ बताया और कहा कि इससे डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी। महामंत्री संजय कुमार ने कहा कि ऑटोपे लेन-देन के लिए निर्धारित समय स्लॉट ट्रैफिक नियंत्रण में मदद करेगा और सिस्टम अधिक कुशलता से कार्य करेगा। पूर्व अध्यक्ष विजय मित्तल ने कहा कि हर ट्रांजैक्शन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम और आईडी दिखाना ग्राहकों को सुरक्षा का भरोसा देगा, जिससे गलत ट्रांसफर की संभावनाएं घटेंगी। कोषाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने कहा कि ट्रांजैक्शन स्टेटस और बैलेंस चेक पर लिमिट लगाना डिजिटल पेमेंट नेटवर्क की मजबूती की दिशा में एक व्यावहारिक निर्णय है।

## नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने सकुशल किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। स्थानीय पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि थाना रूपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की को 13 जुलाई को ग्राम निधिनगर संकल्पा से बहला-फुसलाकर भगाने की घटना को लेकर थाना रूपईडीहा में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में 31 जुलाई की रात्रि को उप निरीक्षक राहुल सरोज महिला कांस्टेबल दीक्षा पटेल, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, राणा प्रताप कुमार की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बालिका को बाबागंज मल्हीपुर तिराहा से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा पीड़िता को थाना लाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए मेडिकल परीक्षण एवं अन्य प्रक्रिया हेतु सदर अस्पताल बहराइच भेजा गया।

# बांधो से छेड़े जा रहे पानी से बढ़ रहा गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश इसका कारण है। इससे गंगा किनारे बसे इलाकों, विशेष रूप से शुक्लागंज की ओर पानी तेजी से फैल रहा है। गंगा का पानी नगर के घाटों की सीढ़ियों को छूने लगा है। इससे तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। केन्द्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 110.300 मीटर था। बुधवार शाम को यह बढ़कर 110.400 मीटर हो गया। शुक्रवार को यह 110.510 मीटर तक पहुंच गया। शनिवार को सुबह बजे जलस्तर 110.640 मीटर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में जलस्तर में करीब 13 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। यह रुझान आगे भी जारी रहने की संभावना है। गंगा के जलस्तर में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी से नगर के कई घाटों पर पानी चढ़ चुका है। कुछ निचले क्षेत्रों में पानी का रिसाव भी देखा गया है ।हालांकि अभी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है, लेकिन प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। नगर पालिका, सिंचाई विभाग और राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड में रखा गया है। शुक्लागंज, गंगाघाट और अन्य तटीय इलाकों में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि अगर जलस्तर इसी प्रकार बढ़ता रहा, तो जल्द ही कुछ निचले इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएंगे। बीते वर्षों की तरह इस बार भी संभावित खतरे को देखते हुए पहले से ही नाव, खाद्य सामग्री और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था की जा रही है। पानी के लगातार बढ़ने से गंगा के घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी गिरावट आई है। पूजा-पाठ करने वाले श्रद्धालु अब घाटों पर जाने से परहेज कर रहे हैं। नगर के बुजुर्गों का कहना है कि अगस्त माह की शुरूआत में ही इस प्रकार जलस्तर का बढ़ना चिंता का विषय है। यदि पश्चिम से पानी छोड़ा जाना जारी रहा और बारिश भी इसी तरह होती रही, तो जलस्तर में और तेज बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल प्रशासन और स्थानीयलोगों की निगाहें केन्द्रीय जल आयोग की ताजा रिपोर्टों पर टिकी हैं। लोगों को सलाह दी गई है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से तुरंत संपर्क करें।

# सजीव प्रसारण एवं एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा में प्रधानमंत्री सम्मान निधि का हस्तांतरण का किया गया सजीव प्रसारण एवं एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया, कार्यक्रम में कुल 684 प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाएं शामिल हुई विधायक ब्रजेश रावत नेकहा की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों के खाते में सीधा सम्मान निधि भेजी जा रही है, और बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के प्रति अग्रसर रहता है विभिन्न प्रकार की कृषि तकनीकियों को किसानों के प्रक्षेत्र पर सीधा पहुंचा रहा है और किसान उन्नत खेती कर रहे हैं। किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया जाता है जिससे अच्छी प्रजाति की बीज मिल सके। केंद्र के अध्यक्ष मोहित कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि केंद्र द्वारा किसानों को वैज्ञानिक तकनीकियां बताई, जिला पंचायत सदस्य इंद्र मोहन सिंह ने किसानों को आम के बागों में हल्दी की सहफसली खेती बारे में चर्चा किया। इंजी रमेश चंद्र मौर्य ने किसानों को सुक्ष्म सिंचाई पद्धति के महत्व के बारे में बताया। वैज्ञानिक पौध संरक्षण डॉ0 जय कुमार यादव ने किसानों को खरीफ फसलों में लगने वाले रोग एवं कीटों के बारे में एवं उनके प्रबन्धन पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया, प्रगतिशील कृषक एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया

# जिला अस्पताल में महिलाओं का विरोध प्रदर्शन

**रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने से नाराज महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं जिला अस्पताल पहुंचीं और हंगामा करते हुए अपना विरोध जताया। मामले की सूचना मिलते ही सीएमओ अंशुमान सिंह मौके पर पहुंचे। महिलाओं ने उन्हें एक पत्र सौंपकर जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने की मांग की। महिलाओं का कहना था कि रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा था। इसी समस्या को लेकर पहले भी महिलाओं ने प्रदर्शन किया था। उस समय अमेठी सीएचसी अधीक्षक आलोक तिवारी को दो दिनों के लिए जिला अस्पताल में तैनात किया गया था। कुछ दिन तक सेवा चली, लेकिन आलोक तिवारी के वापस अमेठी लौटने के बाद अल्ट्रासाउंड सेवा फिर से बंद हो गई। किसान नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में महिलाएं जिला अस्पताल पहुंचीं और विरोध प्रदर्शन किया। सीएमओ से बातचीत के बाद महिलाओं ने ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने की मांग की। रीता सिंह ने कहा कि अमेठी जिले में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन शोपीस बनकर रह गई है और लोगों को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेठी के तिलोई से विधायक मनकेश्वर सदन सिंह प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री हैं, फिर भी अमेठी में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। रीता सिंह ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं की गई तो वे बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगी।

# दबंगो ने एक परिवार पर किया जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ताहिरपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने घर के बाहर ईंट उतार रहे व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान जब उसकी पत्नी और बुजुर्ग मां बचाने आईं तो उन्हें भी बेरहमी से पीटा गया। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित रामस्वरूप अपने भट्टे से ईंट लेकर आया था और शनिवार को अपने दरवाजे पर ईंटें उतार रहा था। इसी दौरान गांव के दबंग रविन्द्र, रविशंकर, राजन और बबलू (सभी शिवराम के पुत्र) अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि इन लोगों की रामस्वरूप से पहले से ही रंजिश चल रही थी। आरोपियों ने पहले उसे गालियां दीं और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित रामस्वरूप ने बताया कि आरोपियों ने उसे जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा। शोर सुनकर उसकी पत्नी उषा और बुजुर्ग मां दौड़कर बचाने आईं, लेकिन दबंगों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। दोनों महिलाओं को भी पीटकर घायल कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हमलावरोंकी संख्या आधा दर्जन से अधिक थी और सभी लाठी-डंडों से लैस थे। हमले में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोसियों की सूचना पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह दबंगों को वहां से खदेड़ा। इसके बाद पीड़ित परिवार ने कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार

**पुलिस ने बरामद किए 43 किलो पीतल, इनवर्टर बैटरी और 13 हजार रुपए नकद**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, थाना सासनी गेट पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 43 किलो पीतल, इनवर्टर बैटरी और 13 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। एएसपी अलीगढ़ मयंक पाठक ने बताया कि तीन शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल और एक्टिवा भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में आशीष (गांव पड़ियावली, थाना मडराक), पंकज (गांव बपडई, थाना हसायन) और विवेक (पड़ियावली) शामिल हैं। ये तीनों रात में बंद फैक्ट्रियों में घुसकर चोरी करते थे। चोरी का माल खरीदने वालों में चंद्र गुप्ता (नई कॉलोनी, रेलवे पुल के पास, अलीगढ़) और विशु (जयगंज, थाना सासनी गेट) शामिल हैं। ये दोनों चोरी का माल खरीदकर लाभ कमाते थे। पुलिस के अनुसार, इन अभियुक्तों पर पहले से ही लगभग 13 मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### भ्रष्टाचार में लिप्त कांस्टेबल अजीत को भेजा जेल

**एसपी सिटी ऑफिस में अनधिकृत तैनाती, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्टिंग का आरोप**

मेरठ, सिविल लाइन थाना पुलिस ने एसपी सिटी की पेशी में तैनात कांस्टेबल अजीत को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया। कांस्टेबल पर भाजपा युवा संघ का एक्स पर फर्जी एकाउंट बनाकर पोस्ट करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, अजीत लंबे समय से एसपी सिटी की पेशी में अनधिकृत रूप से तैनात था। वह अवैध काम करने वालों से वसूली भी कर रहा था। आरोपी कांस्टेबल ने लाइन हाजिर होने के बाद अपने एक साथी के साथ एक्स पर फर्जी एकाउंट बनाया। उसने कप्तान के स्टेनो के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसके बाद से वह गैर हाजिर चल रहा था। एसएसपी विपिन ताडा ने 30 जनवरी को अजीत सिंह को लाइन हाजिर करने के बाद उसकी जांच के आदेश दिए थे। कांस्टेबल ने सेटिंग से अपनी रवानी कराई और एसपी सिटी ऑफिस पहुंच गया। एसएसपी को मामले की जानकारी मिली। उन्होंने एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्र से मामले की जांच कराई। जांच में सिपाही दोषी पाया गया। एसपी ट्रैफिक की जांच में पता चला कि अजीत का दो साल पहले देहात की पेशी में ट्रांसफर हो चुका था। तभी से वह गैर हाजिर चल रहा था। उसने अपनी रवानगी नहीं कराई। ट्रांसफर होने के बाद भी अजीत एसपी सिटी की पेशी में तैनात रहा। अधिकारियों ने अजीत के बैंक खातों की जांच के आदेश दिए। जांच में पता चला कि कांस्टेबल अजीत अवैध काम करने वाले लोगों से अपने बैंक खातों में रुपया ले रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने रिपोर्ट को शासन को भेज दिया। अधिकारियों को यह भी जानकारी मिली कि कांस्टेबल अजीत ने भाजपा युवक संघ का एक्स पर फर्जी अकाउंट बनाकर गलत पोस्ट अपलोड की थी। शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों के आदेश पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया है।

### विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति का हाइडल कॉलोनी में प्रदर्शन

**मुख्य अभियंता पर अवर अभियंताओं को नोटिस और वेतन रोकने के आरोप**

बुलंदशहर, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने हाइडल कॉलोनी में विरोध सभा आयोजित की। समिति ने मुख्य अभियंता, बुलन्दशहर क्षेत्र के खिलाफ तीखा विरोध दर्ज किया। संघर्ष समिति ने 84 अवर अभियंताओं को जारी किए गए नोटिस को तानाशाही करार दिया। उनका कहना है कि यह बिना तथ्यों की जांच का कदम है। समिति के अध्यक्ष आर.सी. द्विवेदी ने कहा कि जनपद के सभी अवर अभियंता और टीजी2 कर्मचारी पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। द्विवेदी ने बताया कि कर्मचारी ब्रेकडाउन होने पर तत्काल कार्रवाई करते हैं। वे 1912 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी कर रहे हैं। इसके बावजूद, मुख्य अभियंता द्वारा माहौल खराब करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। समिति ने आरोप लगाया कि प्रबंधन जानबूझकर कर्मचारियों का जून माह का वेतन रोक रहा है।

# सप्तेश्वर आश्रम से जल भरकर कांवड़ियों ने भगवान शिव का किया जलाभिषेक

**ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



ककरबई, झांसी। पवित्र श्रावण मास में चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शनिवार को ग्राम हीरानगर के बड़ी संख्या में भोले के भक्तों द्वारा पैदल कावड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़िया पैदल चलकर सप्तेश्वर आश्रम इस्किल पट्टा डुमरई पहुंचे।जहां आश्रम के नजदीक से बहने वाली लखेरी नदी से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए ग्राम हीरानगर पहुंचे। वहां पर शिवालय में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। कांवड़ यात्रा में द्रगपाल सिंह यादव, प्रानसिंह, कृष्ण कुमार प्रजापति, विश्राम सिंह, लायक सिंह, शिवदीन पाल, दादी पाल, कौशलेंद्र यादव, उपदेश साहू, धर्मेंद्र यादव, अभिलाख, प्रहलाद श्रीवास, शिवराम, ब्रजकिशोर, जयपाल, सोनू, श्याम करन, सुदामा, रानू, कल्यान आदि सेहत बड़ी संख्या में कांवड़िया मौजूद रहे। कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। ग्राम डुमरई में दुर्गा जी के मंदिर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भोले परिहार एवं अभिलाख लाजमी द्वारा काबड़ियों का स्वागत किया गया। ग्राम हीरानगर में बड़ी माता मंदिर पर ग्राम प्रधान जगभान सिंह यादव, लालाराम पाल, पूर्व प्रधान खेत सिंह, जाहर सिंह कल्यान सिंह, हरीसिंह , सियाराम ,बलराम पाल, प्रभु पाल, रामेश्वर प्रजापत, जिमी पाल, नारायन सिंह, सियाराम, रामदयाल साहू , अंगद यादव आदि सहित कई लोगों द्वारा कांवडियों का स्वागत किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना ककरबई से एस आई विजय शंकर मिश्रा, सिपाही अजय कुमार, संजय यादव, डायल 112 पुलिस से दीवान अनिल कुमार एवं सत्यप्रकाश मौजूद रहे।

# जारी हुई किसानों की 20वीं किसान सम्मान निधि

**ब्लॉक प्रमुख ने किसानों को वितरित किया शोधित बीज**




अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के पर्यटक स्थल बनारस से 20वीं किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख की अगुवाई में भारी संख्या में पहुंचे किसानों ने श्रवण किया ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत पहुंची मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह द्वारा किसान फूलचंद केशव शरण दयाशंकर जयराम धर्मेंद्र कल्लू तथा महिला कृषक रामरती समेत लगभग एक दर्जन किसानों को सम्मानित किया गया वहीं सभी किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा शोधित सांबा का बीज निशुल्क वितरित किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के साथ भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री राम भक्त वर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि विभाग रविंद्र सिंह एडियो पंचायत विनोद कुमार बालेंद्र यादव समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे

# सरकारी पेड़ काटने पर ठेकेदार पर हुआ जुर्माना

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। देश एवं प्रदेश में वर्तमान सरकार जहां एक ओर हरित क्रांति को बढ़ावा देते हुए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए के वृक्षों का रोपण कराती है वही समाज में बैठे शुद्ध वातावरण के हत्यारों ने वृक्षों का पतन अभी तक जारी किए हैं ताजा मामला फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढन्दा गांव का जहां बिंदकी कोतवाली तहसील क्षेत्र के गांव दरौता लालपुर निवासी लकड़ी व्यापारी राम अवतार ने वन विभाग के दो वृक्ष जिनमें एक हरा वृक्ष शीशम तथा एक यूकेलिप्टस चोरी से काटकर धराशाई कर दिया काटते समय पेड़ , समीप से निकली विद्युत के तारों से उलझ गया जिससे कई खंबे गिर गए तथा विद्युत आपूर्ति बाधित हुई क्षेत्र के बुढन्दा समेत मकंदीपुर मेंहदिया आदि गांव की विद्युत सप्लाई ठप होने से क्षेत्रीय नागरिक मौके पर पहुंचे यह देखकर आरोपी ठेकेदार तथा मजदूर समेत सभी गायब हो गए वहीं जानकारी मिलने पर वन विभाग के क्षेत्रीय वन दरोगा विवेक मिश्रा ने सरकारी संपत्ति को छति पहुंचाने के आरोप में ठेकेदार राम अवतार के खिलाफ जुमार्ने की कार्यवाही की

# निष्पक्ष जांच के लिए सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**परिजनों का आरोप इलाज में लापरवाही कर डॉक्टरों ने की मरीज की हत्या**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, एलएलआर एम मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मरीज की मौत के मामले में परिजनों ने डीएम, एसएसपी और सीएमओ अशोक कटारिया को ज्ञापन सौंपा। परिजनों का कहना है कि मरीज की मौत का कारण डॉ की लापरवाही रही है जिसकी निष्पक्ष जांच होकर दोषी डॉ पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए । ज्ञापन देने आए परिजनों से सीएमओ अशोक कटारिया ने पूरी घटना के बारे में लिखित बयान भी लिए है। सीएमओ ने परिजनों से कहां की गठित की गई जांच कमेटी जांच कर रही है निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाएगी। परिजनों का कहना है कि मृतक सुनील की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि अधिक खून बहने से उसकी मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि खून अस्पताल में आने के बाद बहा है या घटना के समय इसकी जांच की जा रही है। हसनपुर के प्रधान जग्गी ने बताया कि मरीज को रात से सुबह तक न तो सही इलाज मिल था और ना ही उसका खून साफ किया गया था। अगर अस्पताल में उसको सही इलाज मिलता तो उसकी जान बच सकती थी। ज्ञापन देने में मौजूद यतेंद्र शर्मा ने कहा कि मरीज की जान जाने का कारण अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही है। तड़पते मरीज को इलाज देने के दौरान डॉ एसी चलाकर सोते रहे इसलिए खून बहा है

# डीपीएस स्कूल के पास सड़क हादसा

**महिंद्रा एसयूवी ने ई-रिक्शा और होंडा सिटी कार में मारी टक्कर; कई घायल**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-28 डीपीएस के पास तेज रफ्तार दिल्ली नंबर की महिंद्रा एसयूवी 700 मॉडल की कार के चालक ने पहले ई-रिक्शा चालक और एक अन्य कार में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक और दूसरी कार का चालक घायल हो गए। एसयूवी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार के दोनों एयरबैग खुले थे। ऐसे में एसयूवी चालक को मामूली चोट लगी थी। बताया कि एसयूवी चालक ने शराब पी रखी थी। जिससे उसका नियंत्रण खो गया और पहले ई रिक्शा फिर सामने खड़ी दूसरी कार होंडा सिटी से टकरा गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कार और ई रिक्शा को सड़क से हटाया। साथ ही घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। लोगों ने बताया कि कार पहले डिवाइडर पर बने शनि मंदिर से टकराई जिसके बाद वो ई रिक्शा और अंत में होंडा सिटी से टकरा गई।

मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। जिस जगह ये हादसा हुआ उसके सामने डीपीएस स्कूल का मुख्य गेट भी है। स्कूल के बच्चे अंदर जा चुके थे। यदि स्कूल टाइमिंग पर सड़क दुर्घटना होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया बड़ा फेरबदल

**13 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का प्रयास**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 13 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। एसपी ने सभी इंस्पेक्टरों को तत्काल नए पदभार ग्रहण करने और अपने कर्तव्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। इस तबादला अभियान में साइबर सेल प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा को खेकड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है। खेकड़ा थाना प्रभारी कैलाश चंद को साइबर सेल का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। छपरौली थाना प्रभारी देवेश कुमार के गैर जनपद तबादले के बाद शिवदत्त को छपरौली थाने की कमान सौंपी गई है। अतर सिंह को थाना चांदीनगर का प्रभारी बनाया गया है, जबकि चांदीनगर से संजय कुमार को सर्विलांस टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। साइबर थाना प्रभारी महिंद्र पाल को आरटीआई सेल और रिट प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह को एएचटी से हटाकर साइबर थाना प्रभारी बनाया गया है। दोघट थाना प्रभारी बच्चू सिंह को हटाकर महिला परामर्श केंद्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। स्वाट टीम प्रभारी सूर्यदीप को दोघट थाने की कमान सौंपी गई है। तपेश्वर सागर को अपराध शाखा से स्वाट टीम का नया प्रभारी बनाया गया है।



# मेडिकल में डॉक्टरों पर लगातार लापरवाही के आरोप

**बच्चे की मौत पर पिता बोले- सांस चल रही थी, इलाज की बजाय मरा बता दिया**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, एलएलआरएम मेडिकल अस्पताल में डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही के आरोप मरीजों द्वारा रोज लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर निवासी एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत पर परिजनों ने हंगामा कर दिया।

मुजफ्फरनगर के लक्ष्मण अपने बच्चे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए। परिजनों ने बताया- दांत निकलने के समय उल्टी-दस्त की समस्या थी। उसके बाद 3 दिन तक इलाज चल रहा था। अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई और पल्स चलना बंद हो गई। इससे उसकी मौत हो गई। बच्चे की सांसे चल रही थी। उसके बाद भी सही जांच नहीं की गई और बच्चे को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के बाहर जब हम बच्चे से लिपटकर विलाप कर रहे थे, तब बच्चे की सांसे चलने लगी। अस्पताल में उच्च अधिकारी बच्चे को अंदर लेकर गए जांच की, उसके बाद मौत हो गई। अस्पताल के सीएमएस धीरज राज बालियान ने बताया- बच्चे की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि कर रखी थी। परिजनों ने बोला कि जिंदा है तो उनकी तसल्ली के लिए हम उस बच्चे को फिर से अंदर लेकर गए और जांच की। जिसमें मृत की पुष्टि हुई। इसके बाद एम्बुलेंस से उनको घर भिजवा दिया गया।

# स्कूल वैन और डीसीएम की टक्कर :आर्मी स्कूल की छात्रा की मौत

**5 स्टूडेंट घायल; बहन बोली- ड्राइवर की गलती**

अमन लेखनी समाचार


आर्या सिरोही, मृतक

मेरठ, एक तेज रफ्तार डीसीएम (छोटा ट्रक) ने स्कूली वैन में टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्रा (10) की मौत हो गई। जबकि 5 बच्चे घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बच्चों के चीखने- चिल्लाने की आवाजें सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक बच्ची को दिल्ली को रेफर कर दिया गया। छात्रा की बड़ी बहन का कहना है कि हादसे के लिए वैन ड्राइवर की गलती है। वह ठूंस-ठूंसकर बच्चों को बैठाता है। हादसा कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के मेरठ- करनाल हाईवे पर हुआ। वैन में 9 बच्चे सवार थे। सभी बच्चे मेरठ छावनी स्थित आर्मी स्कूल के छात्र हैं। दादा बोले- गनीमत है सिलेंडर नहीं फटा, वरना बड़ा हादसा होता गणपति विहार, गली नंबर 3 निवासी जगबीर ने बताया- उनकी पोती आर्या प्रतिदिन की तरह स्कूल गई थी। रास्ते में हादसे में उसकी मौत हो गई। बताया- कॉलोनी से प्रतिदिन 10- 12 बच्चे आर्मी स्कूल जाते हैं। पहले स्कूल की बस आती थी, लेकिन अब स्कूल से कोई बस नहीं आती। इसलिए बच्चे वैन से जाते थे। उन्होंने बताया कि वैन की हालत खराब थी, उसमें सीएनजी सिलेंडर लगा था, जिस पर तख्त रखकर बच्चे बैठते थे। गनीमत रही कि सिलेंडर नहीं फटा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शी अनुज शर्मा ने बताया- घटना सुबह करीब 7 बजे की है। मेरठ की तरफ से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक ने आर्मी स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी। बच्चों की चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। बच्चों को वैन से बाहर निकाला। तब तक पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। दो सगी बहनें घायल, एक गंभीर मोहमदपुर रायसिंह निवासी अमित मालिक ने बताया, मेरी दो बेटियां भी उसी वैन में थी, जो गंभीर रूप से घायल है। उनकी बड़ी बेटी अनन्या को कंकरखेडा के कैलाशी हॉस्पिटल से दिल्ली आरआर रेफर किया गया है। वहीं छोटी बेटी ओजस्वी एमएच में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही कंकरखेड़ा थाने की टीम मौके पर पहुंची। डीसीएम चालक की पहचान और वाहन जब्त करने की प्रक्रिया जारी है।

# नगर निगम भवन में करंट का खतरा

**बारिश से भरा पानी, वायरिंग में करंट आने से कर्मचारी नहीं जा रहे अंदर**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, तेज बारिश के बाद नगर निगम की बिल्डिंग में स्थिति खतरनाक हो गई है। बिल्डिंग में पानी भरने से बिजली की वायरिंग में करंट आ गया है। इससे पूरी बिल्डिंग खतरे में है। हालात इतने गंभीर हैं कि सुबह से निगम कर्मचारी बाहर ही खड़े हैं। कोई भी अंदर जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है। सभी को करंट महसूस हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जान जोखिम में डालकर काम करना संभव नहीं है। उन्होंने फिलहाल काम बंद कर दिया है। प्रशासन से मांग की है कि पहले स्थिति को सुरक्षित बनाया जाए। तभी वे दोबारा काम शुरू करेंगे। नगर निगम जैसी महत्वपूर्ण सरकारी इमारत में इस तरह की स्थिति कई सवाल खड़े करती है। यहां रोजाना सैकड़ों लोग आते हैं। अब निगम प्रशासन ने कुछ कदम उठाए हैं। बेसमेंट की बिजली काट दी गई है। पानी निकालने के लिए मोटरें लगाई गई हैं। लेकिन कर्मचारी अभी भी अंदर जाने को तैयार नहीं हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते बिल्डिंग की मरम्मत होती और वायरिंग की जांच की जाती, तो शायद ये स्थिति न बनती। इसे जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए। इससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की संभावना टल सकेगी।

# मानसी ज्वेलर्स लूटकांड का खुलासा

**पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, 2 किलो चांदी, 40 ग्राम सोना बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने थाना लिंक रोड क्षेत्र में हुई मानसी ज्वेलर्स की लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों कपिल और मनीष को गिरफ्तार किया है। दोनों को पैर में गोली लगी है और फिलहाल उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मनीष मेरठ के सरधना का रहने वाला है, जबकि कपिल लोनी का निवासी है। दो बदमाश स्विगी और ब्लिंकिट जैसी फूड डिलीवरी कंपनियों की ड्रेस पहनकर ब्रज विहार स्थित मानसी ज्वेलर्स में घुसे और हथियार के बल पर करीब 20 किलो चांदी और 125 ग्राम सोना लूटकर फरार हो गए थे। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई। दोनों पर दर्ज हैं कई मुकदमे पुलिस ने बदमाशों के पास से 50 हजार रुपए नकद, करीब 2 किलो चांदी, 40 ग्राम सोना, 2 तमंचे, कारतूस और चोरी की फर्जी नंबर प्लेट लगी स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने जेवरात हरिद्वार और बिहार के समस्तीपुर में बेचने की कोशिश की थी। दोनों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। दो बदमाशों ने की थी लूटपाट 24 जुलाई को थाना लिंक रोड क्षेत्र के ब्रज विहार इलाके में दिनदहाड़े दो बदमाशों ने मानसी ज्वेलर्स की दुकान में हथियारों के बल पर 20 किलो चांदी और 125 ग्राम सोने की लूट को अंजाम दिया था।

# तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर

**बाइक सवार दो की मौत, तीसरे की हालत गंभीर, आरोपी चालक फरार**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर-74-75 के पास तेज रफ्तार बेकाबू पिकअप गाड़ी ने पहले बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मारी, फिर सड़क के किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार एक व्यक्ति और सड़क किनारे खड़े व्यक्ति की हादसे के थोड़ी ही देर बाद मौत हो गई। टक्कर मारने वाली पिकअप को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश में दो टीमें गठित हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि ढाई बजे के करीब सेक्टर-74-75 चौराहे पर महिंद्रा पिकअप गाड़ी तेज रफ्तार से आ रही थी। अचानक से पिकअप बेकाबू हो गई और बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क के किनारे खड़े एक अन्य युवक को भी टक्कर मारी। हादसे में दोनों बाइक सवार और पास में खड़ा युवक सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरातफरी मच गई। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना नजदीकी थाने की पुलिस को दी। लोगों को घटनास्थल पर एकत्र होता देख पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को पुलिस ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया।



जहां पर दो घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान बाइक सवार मोहम्मद शोएब के रूप में हुई है। शोएब हापुड़ के नेकनामपुर के रहने वाले थे। वहीं बाइक सवार घायल समीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## अमेठी में तेंदुए के हमले से अधेड़ हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र के विरईपुर गांव में एसडीएम अभिनव कनौजिया और वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिर्मय की मौजूदगी में तेंदुए ने दोबारा हमला कर दिया। इस हमले में एक 55 वर्षीय छोटेलाल और एक भैंस घायल हो गई है।घटना दोपहर लगभग 3:15 बजे हुई। एसडीएम ने तुरंत अपने वाहन से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सीएससी मुसाफिरखाना पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।इससे पहले सुबह लगभग 10:00 बजे भी तेंदुए ने खेत में काम कर रहे दो युवकों पर हमला किया था। दोनों का इलाज सीएससी मुसाफिरखाना में चल रहा था, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।तेंदुए के हमलों की खबर आस-पास के गांवों में फैलते ही पूरे इलाके में सन्नाटा छा गया है। लोग डर के मारे अपने घरों में कैद हो गए हैं।ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि प्रशासन अभी तक तेंदुए को पकड़ने के लिए न तो कोई विशेष टीम बुलाई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की है।

# जिलाधिकारी के सामने फूट-फूट कर रोने लगी बुजुर्ग महिला, बेटे की हत्या करने वाले दे रहे जान से मारने की धमकी

## जिलाधिकारी ने शिकायत सुनकर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का दिया आदेश

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील में शनिवार को उस वक्त हड़कम्प मच गया और अधिकारी अवाक रह गये, जब जिलाधिकारी के सामने पहुंची एक महिला अचानक दहाड़े मार कर रोने लगी।हालाकि बाद में जिलाधिकारी ने उसकी शिकायत सुनी और संबंधितों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।मौका था सरोजनीनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम का। इस दौरान डीएम विशाख जी फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे।तभी एक महिला अचानक उनके सामने पहुंची और जोर-जोर से रोने लगी।महिला को अचानक दहाड़े मार कर रोते देख जिलाधिकारी ने उसकी समस्या पूछी तो महिला ने खुद को काकोरी के बेहटा में रहने वाली विजय लक्ष्मी बताया।उसने बताया कि उसके 29 वर्षीय बेटे अंकित राजपूत की जमीनी विवाद में बीती 19 फरवरी को गांव में ही रहने वाले सुमित कनौजिया, गोलू यादव, टउंवा और अखिलेश ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस घटना में उक्त चारों आरोपियों सहित 7 लोग जेल गए थे, जो छूट कर आ गए हैं और अब परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित विजय लक्ष्मी ने बताया कि उक्त आरोपी गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा कर जमीन को प्लाटिंग कर बेच रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इसको लेकर वह कई बार संबंधित लेखपाल व अधिकारियों से शिकायत कर चुकी है।लेकिन उसकी बात कोई नहीं सुन रहा है।यह सुनते ही जिलाधिकारी ने सरोजनीनगर एसडीम सहित अन्य अधिकारियों को महिला के मामले में तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह चौहान और महामंत्री राजेंद्र यादव के नेतृत्व में पहुंचे तमाम वकीलों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर लखनऊ कलेक्ट्रेट में चल रही सरोजनीनगर उप जिलाधिकारी की न्यायिक कोर्ट को सरोजनीनगर तहसील में स्थानांतरित करने की मांग की।साथ ही चकबंदी गांव की खतौनी एक सप्ताह में बनवाने की मांग की उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वह पहले भी पत्र दे चुके हैं। उन्होंने कहा की धारा 34 व 80 में एक समान प्रोफार्मा जिला स्तर पर जारी किया जाए या पूर्ववर्ती व्यवस्था जारी कर धारा 34 में 45 दिनों में आदेश पारित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता स्थल के पास आने जाने के लिए बनी पुलिया को तोड़ दिया गया है, उसे तत्काल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि न्यायिक कोर्ट के अधिकारी 5 बजे के बाद ही अपने आवास पर जाएं। साथ ही अधिवक्ता स्थल में सुलभ शौचालय बनवाने की मांग की। इसके अलावा तहसील गेट पर यातायात पुलिस की व्यवस्था करने की मांग की। धारा 76 अंतर्गत उत्तर प्रदेश संहिता 2006 असंक्रमणीय से संक्रमणीय घोषित किए जाने के लिए



आदेश जारी करने की मांग की।पुरानी तहसील सदर में चल रही सरोजनीनगर चकबंदी न्यायालय को सरोजनीनगर तहसील परिसर में स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने सरोजनीनगर तहसील कार्यालय को सौर ऊर्जा से जोड़ने की मांग की।इसी तरह सेक्टर-एम आशियाना स्थित किला गांव के पास रहने वाली झब्बो देवी ने शिकायत की कि उनकी जमीन गाटा संख्या 44 स, 834, 992 अलीनगर सुनहरा में स्थित है।जिसकी वह 1 / 3 हिस्से की सह खातेदार हैं।उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी जमीन बेचना चाहती है, लेकिन कुछ लोग उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए जमीन का सीमांकन किया जाए। इसी प्रकार बंथरा के बृजेश कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि करीब साल भर पहले बंथरा बाजार स्थित सुषमा एजुकेशन सोसाइटी के नाम से पार्लर व सिलाई कढ़ाई दुकान के लिए विद्युत कनेक्शन लिया गया था।तब बिजली विभाग द्वारा मीटर नहीं लगाया गया। कई बार शिकायत की गई, लेकिन मीटर नहीं लगा। पिछले करीब तीन माह पहले गहरू पावर हाउस के अवर अभियंता विनय कुमार द्वारा मीटर ना लगे होने के कारण जबरदस्ती कनेक्शन काट दिया गया। जब इसकी शिकायत की गई तो अवर अभियन्ता ने पीडी होने की बात कही।लेकिन आज तक पीडी की कोई रसीद नहीं दी गई।पीड़ित का कहना है कि इसके बावजूद विद्युत बिल बराबर आ रहा है।उसका कहना है कि या तो मीटर लगाकर कनेक्शन जोड़ा जाए या फिर पीडी की रसीद देने के साथ लगातार आ रहे विद्युत बिल बंद किए जाएं। उधर संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने कहा कि आज करीब 50 मामले ऐसे आए हैं जो ज्यादातर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के हैं। इसके अलावा कुछ लोगों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जे के प्रार्थना पत्र मिले हैं। इनमें से कई मामलों को लेकर टीम बनाकर मौके पर भेज दी गई है।साथ ही अन्य मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें जल भराव व गंदगी के साथ ही मार्ग प्रकाश व्यवस्था की आई हैं क इसके लिए नगर निगम को अवगत करा दिया गया है कि वह इन मामलों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करें।साथ ही समय और तारीख निर्धारित करके शिकायतकर्ता को बता दिया गया है कि जांच के लिए टीम किस तारीख और कितने टाइम पर मौके पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इन सारे प्रकरणों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण आख्या के साथ उसकी समीक्षा की जाएगी। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि तहसील दिवस में जो शिकायत प्राप्त हुई है, उसकी गुणवत्ता के साथ निस्तारण हो और शिकायतकर्ता को दोबारा शिकायत करने ना आना पड़े। इसके साथ ही अधिकारियों को यह भी आदेश दिए गए हैं कि निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता के फोन पर संपर्क कर उससे जानकारी की जाए कि वह निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। अगर शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट नहीं है तो आख्या वापस करके उच्च अधिकारियों के जरिए उसका निस्तारण कराया जाए। वही संपूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 222 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से 76 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# बीमार बच्ची की मदद को आगे आए समाजसेवी

## आईसीयूं में भर्ती वर्तिका को मिली ढाई लाख की आर्थिक सहायत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। पीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती गंभीर रूप से बीमार 13 वर्षीय वर्तिका यादव के इलाज के लिए समाजसेवियों ने मानवता की मिसाल पेश की है आईसीयू में भर्ती वर्तिका की हालत अत्यंत नाजुक थी और इलाज के लिए परिवार के पास आर्थिक संसाधनों की भारी कमी थी मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए पीजीआई के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. बिपुल कांति पाल के निर्देशन में उपचार किया जा रहा है इस मुश्किल घड़ी में समाजसेवी मनीष औद चित्त सुधीर शर्मा अभय सिंह, एसएस हुंडई के चेयरमैन सुनील कालरा एसएएस किया शोरूम के मालिक अजीत कालरा एवं आरएस यादव जैसे संवेदनशील



लोगों ने पहल करते हुए ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई यह धनराशि वर्तिका यादव के मामा कुलदीप यादव और मां को सौंपी गई

समाजसेवियों की इस सहायता से वर्तिका के इलाज में निरंतरता बनी और अब उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है इलाज से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक और चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार गुप्ता ने सभी मददगारों का आभार व्यक्त करते हुए इसे ₹मानवता की सच्ची सेवा₹बताया इस प्रकार की सामूहिक संवेदनशीलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि समाज एकजुट हो जाए, तो किसी भी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है।

# किसानों के खातों में बरसी खुशियों की बारिश....

**पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त से देशभर के 9.71 करोड़ किसानों को मिला लाभ, लखनऊ के 2.03 लाख किसानों के खातों में पहुँचे 40.70 करोड़ रुपये......**

**कृषक सम्मान समारोह में गूँजा संदेश अपनाइए प्राकृतिक खेती, बचाइए माटी की सेहत**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के सेवापुरी के बनौली ग्राम से एक क्लिक में देशभर के 9.71 करोड़ किसान परिवारों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपये की 20वीं किस्त भेजी। प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये की धनराशि सीधे खाते में पहुँची उत्तर प्रदेश के 2.29 करोड़ किसानों ने इस



योजना का लाभ उठाया।

### राजधानी को मिला 40 .70 करोड़ का तोहफा.......

राजधानी लखनऊ के 2,03,472 किसानों के खातों में कुल 40 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि पहुँची इस अवसर पर कृषि विभाग, जनपद लखनऊ एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, टेलीबाग के ऑडिटोरियम में भव्य किसान सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों किसान और कृषि वैज्ञानिक शामिल हुए।समारोह के मुख्य अतिथि अमरेश कुमार रावत, विधायक मोहनलालगंज रहे जबकि अध्यक्षता कामेश्वर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा ने की भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, भाजपा/किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.बी.पी. सिंह संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल डॉ.अजय कृष्ण, उप कृषि निदेशक लखनऊ विनय कुमार कौशल समेत कृषि विभाग के अनेक अधिकारी एवं 500 से अधिक महिला-पुरुष किसान मौजूद रहे।

### वैज्ञानिकों ने दी ज्ञान की खेती, नेताओं ने जगाया उत्साह.....

डॉ. बी.पी. सिंह ने संस्थान की गतिविधियों और आधुनिक खेती के तौर-तरीकों पर प्रकाश डाला डॉ. अजय कृष्ण ने समझाया कि प्रयोगशाला से खेतों तक तकनीक पहुँचाने के लिए कृषि विभाग कैसे कार्य करता है डॉ.वी.के. सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती से कैसे धान्य फसलों में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है विधायक अमरेश रावत ने मजदूरों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाओं पर चर्चा की।

प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव और मृदा स्वास्थ्य को बचाने के लिए कार्बनिक खाद जीरो बजट खेती और देसी गाय पालन की आवश्यकता पर बल दिया भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने बागवानी किसानों को विषमुक्त खेती की ओर प्रेरित किया कृषि विभाग की योजनाओं के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि और अध्यक्ष ने सम्मानित किया अंत में उपकृषि निदेशक विनय कुमार कौशल ने सभी अतिथियों कृषकों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

● आकांक्षा हाट के तहत विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी विकास भवन के प्रांगण में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आकांक्षा हाट के तहत विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, बाल विकास, उद्योग, पंचायती राज, जल जीवन मिशन, पशुपालन, आईटीआई, बैंक, सेवायोजन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर किया, तत्पश्चात स्टालों का अवलोकन किया।इसके उपरांत जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड जामों, जगदीशपुर व शुकुल बाजार में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें विकासखंड जामों के खंड विकास अधिकारी शेर बहादुर, सीएम फेलो शत्रोहन लाल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नावेद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हरदो, प्रिया पांडे एएनएम स्वास्थ्य केंद्र मवई, रीता एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र रामगढ़ी, शिवकुमारी आशा ग्राम पंचायत बरौलिया, कांति शुक्ला आशा ग्राम पंचायत बीरीपुर, रेखा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम




पंचायत हरदासपुर, रीता रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत अगरावां, कृषि क्षेत्र में अजय कुमार जायसवाल कृषि सहायक हरगांव, स्वयं सहायता समूह गठन में पवन कुमार कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर, शकुंतला समूह सखी, विकासखंड जगदीशपुर में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुमन एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र कठौरा, सीता देवी एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र तेतारपुर, पवन कुमारी आशा ग्राम पंचायत मंगौली, प्रेमलता श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत पूरे गोसाई, कुमारी बेबी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत महादेवन का पुरवा, कृषि क्षेत्र में सोमदत्त कृषि सहायक निहालगढ़, अभिषेक कुमार तिवारी कृषि सहायक माहेमऊ, स्वयं सहायता समूह गठन में रामपति समूह सखी, क्षमा देवी समूह सखी तथा विकासखंड शुकुल बाजार में खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज, सीएम फेलो अवनीश जनार्दन, स्वास्थ्य क्षेत्र में रीमा यादव एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र अहमदपुर, संगम एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र खेममऊ, शैल कुमारी आशा ग्राम पंचायत फुंदनपुर, मालती देवी आशा ग्राम पंचायत हरखुमऊ, विमला श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत महोना पश्चिम, कुसुम सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत मर्दानपुर, कृषि क्षेत्र में आशीष कुमार कृषि सहायक मांझगांव, राम आशीष कृषि सहायक नान्दी, स्वयं सहायता समूह गठन में नंदिनी समूह सखी, मेसर जहां समूह सखी सहित मौजूद रहे

# तिलोई में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने



पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील तिलोई में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 09 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए1

# पीएम किसान की 20वीं किस्त जारी होने पर मलिहाबाद में हुआ सजीव प्रसारण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त उत्तर प्रदेश में वाराणसी के सेवापुरी विकासखंड के बनौली ग्राम से कृषकों के खाते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की गई जिसमें उत्तर प्रदेश के 2.39 करोड़ एवं देश के 9.71 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए, इस उपलक्ष्य में 'किसान उत्सव दिवस' समारोह का आयोजन मलिहाबाद विकासखंड सभागार में हुआ जिसमें उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण 100 से अधिक कृषकों को दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा बटन दबाकर कृषकों के खाते में दो-दो हजार रूपए हस्तांतरित किए गए। इस कार्यक्रम के



उपरांत अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम' अंतर्गत कृषको का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कृषकों को सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया गया उन्होंने अन्न खेती एवं उसकी महत्वता के विषय में कृषकों को विस्तार से समझाया इस कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह अंजू, राजकीय बीज भंडार प्रभारी राहुल, क्षेत्रीय कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जंगल में लकड़ी काटने गए दो युवकों पर तेंदुए ने किया हमला

## ग्रामीणों के शोर मचाने पर भागा तेंदुए ग्रामीणों में दहशत



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में तेंदुए ने जंगल में लकड़ी काटने गए दो युवकों पर हमला कर दिया। घटना मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के नेवादा बिरई का पुरवा गांव की है। जहां पास में कादूनाला का विशाल जंगल है।दोपहर के समय बलदेव (32 वर्ष) निवासी भैदपुर गाजनपुर दुवरिया और सोनू (28 वर्ष) निवासी विरईपुर जंगल में लकड़ी काटने गए थे।इसी दौरान तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। युवकों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे।ग्रामीणों को देखकर तेंदुआ वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने घायल युवकों को स्थानीय ग्रामीण अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और भाले सुल्तान थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के इलाकों में तेंदुए की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

### ग्रामीणों को इलाके से दूर रहने की अपील की

पुलिस ने लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को इस खतरनाक इलाके से दूर रहने की अपील की है।ग्रामीणों के अनुसार, यह तेंदुआ पहले भी कई बार इस इलाके में देखा गया है।लेकिन इससे पहले उसने किसी ग्रामीण पर हमला नहीं किया था। आज की घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ संभवतः पास में स्थित एक बंद भट्ठे के कमरों में रहता है।बहराइच के बाद अब अमेठी में भी तेंदुए की दहशत देखने को मिल रही है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

लाइफ Style

# मृणाल

## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।



हॉलीवुड मसाला




## ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यून: पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




## माइकल जैक्सन का यूज किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके \$3,400- \$4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा \$8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



## साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर

**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



## पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

टीवी मसाला



## तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

## बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी



मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

## धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

## अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया। इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा।

### अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।





### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।